

दैनिक

भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

जीवन का शतक पूरा करने वाले ... पेज- 8

युवक की मौत के जिम्मेदार एमसीएफ अधिकारी... पेज- 7

■ वर्ष:1 ■ अंक: 21 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ शनिवार ■ 30 सितंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

पाकिस्तान में आत्मघाती हमले में 55 लोगों की मौत

एक बाद एक धमाके से दहला पाकिस्तान

पेशावर,एजेंसी।

खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक साथ दो हमले विस्फोट हुए। पहला हमला पुलिस स्टेशन के मुख्य द्वार पर हुआ और दूसरा परिसर में मौजूद मस्जिद के अंदर हुआ। आत्मघाती विस्फोट में लगभग तीन लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले में आत्मघाती विस्फोट से 52 लोग मारे गए। दोआबा पुलिस थाने के प्रभारी शाहराज खान ने कहा कि विस्फोट हंगू जिले की मस्जिद में हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट जुमा की नमाज के दौरान हुआ, विस्फोट के समय मस्जिद में 30 से 40 नमाजी मौजूद थे। उनका मानना है कि यह आत्मघाती विस्फोट है। पुलिस ने कहा कि विस्फोट में लगभग तीन लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। स्थानीय डॉन अखबार की एक रिपोर्ट में हंगू जिला पुलिस अधिकारी निसार अहमद के हवाले से कहा

गया,वस्फोट के प्रभाव के कारण मस्जिद की छत ढह गई। इस बारे में हंगू जिला पुलिस अधिकारी निसार अहमद ने बताया कि पहला विस्फोट पुलिस थाने के प्रवेश द्वार पर हुआ, जिसके बाद काफी लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए। इसके कुछ ही मिनट बाद पुलिस स्टेशन के परिसर में स्थित एक मस्जिद के अंदर एक और विस्फोट हुआ। दूसरा विस्फोट शुक्रवार को नमाज के दौरान हुआ। अधिकारी ने कहा, ÷विस्फोट के प्रभाव से मस्जिद की छत ढह गई। उन्होंने बताया कि मलबे के नीचे लगभग 30 से 40 लोगों के फंसे होने की सूचना है। अधिकारी ने आगे कहा कि शवों और घायल व्यक्तियों को निकालने के लिए भारी मशीन बुलाई गई है। साइट पर मौजूद रेस्क्यू 1122 टीमें और स्थानीय लोग बचाव अभियान में लगे हुए हैं। हालांकि अब तक किसी ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। मालूम हो कि आज पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के मस्तुंग जिले में अल फलाह रोड पर मदीना मस्जिद के पास भी एक आत्मघाती विस्फोट हुआ। इस हमले में लगभग 52 लोगों के मारे जाने और 50 से अधिक लोगों के घायल होने के जानकारी मिली है।

सरकारी अस्पतालों में नहीं होगी बर्थ डे व रिटायरमेंट पार्टी

स्वास्थ्य महानिदेशक ने शिकायतों के बाद लगाई पाबंदी

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में तैनात कर्मचारी अब अस्पताल परिसर में बर्थडे पार्टी और रिटायरमेंट पार्टी आयोजित नहीं कर पाएंगे। स्वास्थ्य सेवाएं विभाग की महानिदेशक सोनिया त्रिखा खुल्लर ने अस्पताल परिसर में कर्मचारियों द्वारा इस तरह की पार्टियों के आयोजन पर पाबंदी लगाई है।

स्वास्थ्य महानिदेशक ने इस संबंध में प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को निर्देश जारी कर दिए हैं। हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में कर्मचारियों के बीच बर्थडे पार्टियां आयोजित करने की प्रथा बढ़ रही है। खासकर अस्पताल परिसर में ही कर्मचारियों द्वारा इन पार्टियों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मियों के लिए भी पार्टियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कई बार कर्मचारियों द्वारा स्पीकर, डीजे पर डांस सहित कविताओं का भी आयोजन किया जाता है। जिससे अस्पताल में अपना इलाज करवाने पहुंचे मरीजों और उनके तीमारदारों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यही नहीं कर्मचारियों के ऐसा करने से कहीं न कहीं कामकाज भी प्रभावित होता है।

मरीजों को होती है परेशानी

स्वास्थ्य महानिदेशक ने कहा कि अस्पताल परिसर में इस तरह की पार्टियों के आयोजन से मरीजों को दुविधा होती है। इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को भी कई बार शिकायतें मिल चुकी हैं। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद ही डीजीएचएस ने अस्पताल परिसर में इस तरह की पार्टियों के आयोजन पर पाबंदी लगाने के आदेश जारी किए हैं। डीजीएचएस ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रभारियों को अनुचित व्यवहार में शामिल होने से बचने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कावेरी जल विवाद को लेकर कर्नाटक रहा बंद

स्कूल-कॉलेज बंद रहे, 44 उड़ानें रद्द

बेंगलुरू, एजेंसी।

कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच विवाद लगातार बढ़े कावेरी जल विवाद के मद्देनजर शुक्रवार को कई संगठनों के आह्वान पर कर्नाटक बंद रखा गया।विभिन्न संगठनों ने सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में लिया है।बंद को देखते हुए शनिवार को मांड्या और बेंगलुरु में सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे।

कन्नड़ कार्यकर्ता वट्टल नागराज ने कावेरी जल विवाद के तहत 5 अक्टूबर को बेंगलुरु के मैसूर बैंक सर्कल से केआरएस बांध तक विरोध मार्च का आह्वान किया है।

बीजेपी सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा कि राज्य सरकार तमिलनाडु के लिए कावेरी नदी का पानी छोड़ रही है। अगर कावेरी नदी का पानी इसी तरह तमिलनाडु में जाता रहा तो बेंगलुरु के लोगों को पीने का पानी नहीं मिलेगा। कर्नाटक सरकार कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण के समक्ष अपना मामला पेश करने में विफल रही है।

कावेरी जल बंटवारे के मुद्दे पर तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन ने कहा, हम फिर से कर्नाटक से 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने की मांग करेंगे... हम सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे और वे कर्नाटक सरकार को निर्देश देंगे।

सीट बंटवारे को लेकर आईएनडीआईए में मतभेद होने की आशंका

इसके लिए पूरी सावधानी बरती जाएगी : पवार

पुणे, एजेंसी। चुनावों में सीटों के बंटवारे को लेकर आईएनडीआईए में मतभेद के बादल घुमड़ने लगे हैं।बता दें कि कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके अलावा, छत्तीसगढ़, मिजोरम और तेलंगाना में भी इसी साल के अंत में चुनाव होंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने आईएनडीआईए गठबंधन को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आइएनडीआइए गुट सीटों को लेकर सावधानी बरतेगा, ताकि राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में गठबंधन सहयोगियों के बीच कोई विवाद न हो। एनसीपी प्रमुख शरद पवार यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सवालों का जाब देते समय उन्होंने मराठा आरक्षण और प्याज पर निर्यात शुल्क जैसे कई अन्य मुद्दों पर भी अपनी राय रखी। पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ टकराव एनसीपी सुप्रीमो ने कहा कि कांग्रेस ने कुछ सीटों पर दावा किया है। अभी वहां कोई चुनाव नहीं हैं, मगर इस बात से चुनाव नजदीक आते ही आइएनडीआइए गठबंधन के सहयोगियों के बीच मतभेद हो सकता है। हालांकि, हम इस मुद्दे को भी सुलझा लिया जाएगा।



राजस्थान में भारी बहुमत से बनेगी भाजपा की सरकार : धनखड़

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष दो दिवसीय दौरे पर राजस्थान पहुंचे, संगठनात्मक बैठकों में करेंगे चुनावी रणनीति पर चर्चा

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों से तंग आकर सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने शुक्रवार को झुंझुनू में पार्टी की संगठनात्मक बैठक उपरांत पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने जनता जर्नादन से अपनी आदत अनुसार पिछले चुनाव में झूठे लोकलुभावन वादे किए थे, जो अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। राहुल गांधी ने पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनते ही किसानों से कर्ज माफी का वादा किया था। काफी दिन तक राजस्थान के किसान राहुल गांधी को कर्जमाफी का वादा पूरा कराने के लिए ढूंढते रहे। धनखड़ ने कहा कि भाजपा की नीति सबको साथ लेकर चलते हुए देश हित में कार्य करने की है। पीएम मोदी के सशक्त व कुशल नेतृत्व में केंद्र में भाजपा की सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में ऐतिहासिक कार्य करके दिखाए हैं। पारदर्शी व्यवस्था कायम करते हुए गरीब कल्याण, महिला विकास, शिक्षा, चिकित्सा, तकनीक, आईटी, ढांचागत व मूलभूत सुविधाओं में विस्तार, चंद्रयान 3 की चांद पर सफल लैंडिंग, जी-20 देशों के नेताओं की सफल बैठक, महिलाओं को लोकसभा व विधानसभाओं में आरक्षण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से छुटकारा, अयोध्या में श्रीराम का भव्य राम मंदिर, सेना का आधुनिकीकरण, दुश्मन के साथ सख्ती से निपटने की नीति से बदला हुआ भारत नजर आ रहा है। पूरी दुनिया में पीएम मोदी की नीतियों का गुणगान हो रहा है। धनखड़ ने कहा कि शुक्रवार को दो विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति को लेकर विचार विमर्श हुआ है। शनिवार को पांच विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति को लेकर चर्चा होगी। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भाजपा की नीति पार्टी उम्मीदवारों की घोषणा समय से पहले करने की रही है अबकि बार भी ऐसा ही होगा। बैठक में सूरजगढ़ से विधायक सुभाष पूनिया, जिला महामंत्री राजेश दहिया, सरजीत चौधरी, महेंद्र चंदवा, कमलकांत शर्मा, योगेंद्र मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दिल्ली से चोरी करोड़ों का सोना छत्तीसगढ़ से बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी।

गत 24 सिंतबर को दक्षिणी दिल्ली के जंगपुरा के ज्वेलरी शोरूम से 25 करोड़ रुपये के सोने की चोरी के मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ में पुलिस ने चोरी किए गए सोने की ज्वेलरी के साथ ही दो चोरों को भी गिरफ्तार कर लिया है। इसमें वारदात का मास्टरमाइंड भी शामिल है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने जब आरोपी के ठिकाने पर छापेमारी को तो चादर पर बिछे सोने को देखकर वह दंग रह गई। चादर पर सोने की 18 किलो से भी ज्यादा की ज्वेलरी रखी थी। पुलिस जिस वक्त छापा मारने पहुंची थी उस समय इन गहनों को चादर, बैग और बोरे में छुपाकर रखा गया था। पुलिस इस एंगल से भी पूरे मामले की जांच में जुटी है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पुलिस की एसीसीयू और सिविल लाईन थाने की टीम ने अपने यहां सात चोरियों को अंजाम देने वाले लोकेश श्रीवास को दुर्ग के स्मृतिनगर थाना क्षेत्र से पकड़ा है। उसके पास से दिल्ली में ज्वेलरी शोरूम से चोरी किए गए अठारह किलो से ज्यादा सोने को भी बरामद किया गया है। आरोपी के कब्जे से दिल्ली के जंगपुरा के ज्वेलरी शॉप में की गई चोरी का 18 किलो से ज्यादा सोना- हीरे के आभूषण और बिलासपुर, कवर्धा में हुई चोरी के मामले में ज्वेलरी भी जब्त की है। पुलिस को ये बड़ी सफलता एसपी संतोष सिंह के नेतृत्व में मिली है।

चादर पर बिछा सोना देखकर पुलिस भी रह गई दंग

भाजपा-जजपा की सरकार ने किसानों को गर्त में पहुंचाया : अभय चौटाला

चंडीगढ़। इंडियन नेशनल लोकदल के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा-जजपा की सरकार ने किसानों को गर्त में पहुंचा दिया है। जहां पिछले कुछ सालों में कुदरत ने किसानों पर कहर ढाया है वहीं पर गठबंधन सरकार ने किसानों की मदद करने के बजाय बीमा कंपनियों और सरकारी अधिकारियों के साथ मिलकर किसानों को जम कर लूटा है। बीमा कंपनियों और सरकार ने किसानों को न तो मुआवजा दिया है और न ही गठबंधन सरकार मंडियों में किसानों की फसल को एमएसपी पर खरीद रही है। अभय चौटाला ने मंडी अधिकारियों पर मिलीभगत कर भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसान मंडियों में अपनी धान और बाजरे की फसल बेचने के लिए भाड़े पर साधन करके पहुंचते हैं, जहां उनसे वाहन की मंडी के अंदर एंट्री करने के लिए रिश्वत मांगी जा रही है।

छठे दिन भारत को शूटिंग में मिले दो स्वर्ण सहित पांच पदक

पलक गुलिया ने जीते दो मेडल

हांगझोऊ,एजेंसी।

चीन के हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स 2023 के एशियाई खेलों का शुक्रवार को छठा दिन है। भारत को छठे दिन शूटिंग में पांच पदक मिले हैं। टेनिस में एक रजत और स्क्वैश में कांस्य हासिल हुआ। इससे पदकों की कुल संख्या अब 32 हो गई है। इससे पहले खेलों के पांचवें दिन तक भारत छह स्वर्ण, आठ रजत और 11 कांस्य के साथ पांचवें पायदान पर रहा था। अब भारत के आठ स्वर्ण, 12 रजत, 12 कांस्य हो गए। वह चौथे स्थान पर है। छठे दिन की शुरुआत में भारतीय एथलीट्स से हुई। पुरुषों की 20 किमी रेस वॉक फाइनल में संदीप कुमार और विकास सिंह से खेलों में भारत के दिन की शुरुआत हुई।मनिका बत्रा एशियाई खेलों में सिंग्ल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय बन गई हैं। भारतीय पैडलर पदक से सिर्फ एक जीत दूर है। गोल्फ में एक बार फिर अदिति अशोक पहले स्थान पर रही। शूटिंग में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारतीय तिकड़ी ने सिल्वर मेडल जीता। दिव्या टीएस, ईशा सिंह और पलक ने भारत को यह सफलता दिलाई। हरियाणा की पलक गुलिया ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड एवं महिला टीम में सिल्वर मेडल जीत कर देश व समाज का नाम रोशन किया।

भारत के निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने अपने नाम एक और पदक किया है। उन्होंने शुक्रवार को टीम इवेंट में जीत हासिल करने के बाद 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष फाइनल में रजत पदक जीता। टेनिस में भारत के साकेत-रामकुमार ने पुरुष डबल्स फाइनल में सिल्वर मेडल जीता है। रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी ताइवान की जोड़ी से सीधे सेटों में हार गई और उन्हें सिल्वर से संतोष करना पड़ा। इसके अलावा पुरुषों में भारत की ओर से ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, स्वप्निल कुसाले और फिल श्योरा ने 50 मीटर राइफल में गोल्ड मेडल जीता है। उन्होंने 1736 प्वाइंट्स के सर्वश्रेष्ठ प्वाइंट्स के साथ विश्व रिकॉर्ड तोड़ा है। बैडमिंटन में पीवी सिंधु थाईलैंड से तीनों मैच हार गई। अब तक 8 गोल्ड मेडल समेत कुल 30 मेडल अपने नाम किए हैं। इसके साथ ही अब प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर आ गया है। बादली के निमाणा गांव की लाडली पलक गुलिया ने एशियन गेम्स में आज 2 मेडल (गोल्ड और सिल्वर) जीत कर देश का गौरव बढ़ाया है।



झज्जर की छोरी है पलक

झज्जर के बादली के निमाणा गांव की लाडली पलक गुलिया ने एशियन गेम्स में आज 2 मेडल (गोल्ड और सिल्वर) देश के नाम किए। पलक गुलिया ने 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में गोल्ड एवं महिला टीम में सिल्वर मेडल जीत कर देश व समाज का नाम रोशन किया। गांव वालों ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पूरा गांव झूम उठा। निमाना गांव में बम पटाखे छुड़ाए गए और जश्न मनाकर एक दूसरे को बधाई दी। पलक ने एशियाई खेलों में रिकार्ड के साथ गोल्ड मेडल हासिल किया तो ग्रामीणों की खुशी दोगुनी हो गई। एक ही दिन में रजत और स्वर्ण हासिल करने पर परिजनों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। पलक की दादी सावित्री ने पलक की मेहनत पर देवताओं का आशीर्वाद बताया।

धनखड़ ने दी बधाई

हरियाणा भाजपा अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने बादली हलके की बेटी पलक गुलिया को एशियाड में स्वर्ण पदक जीतने पर दी बधाई। उन्होंने कहा कि पलक गुलिया, मनु भाकर जैसी होनहार बेटियों ने क्षेत्र, हरियाणा और भारत का नाम दुनियाभर में रोशन किया।

बिजली मंत्री बोले

मुख्यमंत्री ने दी सैद्धांतिक स्वीकृति

स्कूलों व घरों के ऊपर से हटेंगी तारें : रणजीत सिंह

151 करोड़ रुपये की राशि की जाएगी खर्च

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश में स्कूलों व घरों के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन तारों को शिफ्ट करने के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सैद्धांतिक रूप से अपनी सहमति प्रदान कर दी है। बिजली निगम अपने खर्च पर इन तारों को शिफ्ट करेगा। इस कार्य हेतु अलग से लगभग 151 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया जाएगा। वह आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशन एम्पलॉयस यूनियन के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक के बारे में चौधरी रणजीत सिंह ने बताया कि यह बैठक लगभग 3 घंटे चली और सौहार्दपूर्ण वातावरण में विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। यूनियन द्वारा कुछ मांगे रखी गई, जिनपर सहमति बनी है। कर्मचारी नेताओं को भी तहजीब व मर्यादा नहीं तोड़नी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे बिल्कुल स्पष्टवादी हैं। अब तक तो यूनियन वाले उनसे मिलने कभी आए नहीं। जब उन्होंने समय मांगा तो हमने तुरंत समय दिया और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सूना। उन्होंने कहा कि सभी मांगों पर विचार करने के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा, जिसमें यूनियन के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाएगा। स्मार्ट मीटर के संबंध में पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 10 लाख स्मार्ट मीटर खरीदने के ऑर्डर` दे दिए गए हैं। जिसमें से लगभग 9 लाख मीटर आ चुके हैं। सभी राज्यों के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी को स्मार्ट मीटर खरीदने का काम सौंपा गया है। शीघ्र ही 20 लाख और स्मार्ट मीटर खरीदने का ऑर्डर दिया जाएगा।



इस वर्ष 70 हजार सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन देने का लक्ष्य

चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के तहत प्रदेश में इस वर्ष 70 हजार सोलर ट्यूबवेल कनेक्शन दिए जाने का लक्ष्य रखा है। किसानों का रुझान इसके प्रति बढ़ रहा है और यह संख्या लक्ष्य से अधिक भी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा के मामले में हरियाणा देश में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने कहा कि ढाणियों व डेरों में व्यवहार्यता को देखते हुए बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे।उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बिजली प्रबंधन की स्थिति को बेहतर किया है और इसी का परिणाम है कि पिछले 9 वर्षों में हरियाणा में बिजली की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं। यह एक बड़ी उपलब्धि है।

हरियाणा में आई.एन.डी.आई. अलाइंस का कोई आधार नहीं

आई.एन.डी.आई. अलाइंस के संबंध में पूछे गए प्रश्न का जवाब देते हुए चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा में आई.एन.डी.आई. अलाइंस का कोई आधार नहीं है। चुनाव के नजरिये से केवल दो पार्टियों बीजेपी और कांग्रेस की ही बात हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में विचारों का विरोधाभास होना स्वाभाविक है, परंतु राजनेताओं का भविष्य जनता ही तय करती है। हर व्यक्ति अपने-अपने ढंग से आगे बढ़ने का प्रयास करता है। लेकिन आई.एन.डी.आई. अलाइंस में तो बड़े कद का कोई नेता ही नहीं है और अभी से इस अलाइंस में नेताओं के दो-तीन धड़े बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी है और अन्य पार्टियों को अपने अस्तित्व का खतरा हो गया है, इसलिए सब गठबंधन की ओर देख रहे हैं।

न्यूज डायरी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज से दो दिवसीय रोहतक के दौरे पर रहेंगे

चंडीगढ़। राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल शनिवार से रोहतक के दौरे पर रहेंगे। दौरे के प्रथम दिन शनिवार को लघु सचिवालय व राजकीय महिला महाविद्यालय कैंपस में जन संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। कैनाल विश्राम गृह में रात्रि ठहराव होगा। जानकारी के अनुसार दौरे के दूसरे दिन 1 अक्टूबर को सुबह रोहतक में सोनीपत रोड पर आयोजित राहगीरी कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित हरियाणा वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। रोहतक से मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद जाएंगे और एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। दोपहर बाद मुख्यमंत्री सिसाना-सोनीपत में आयोजित गौशाला के कार्यक्रम में भाग लेंगे।

मुठभेड़ में मारा गया 14 लाख का इनामी नक्सली

बालाघाट। जिले में मध्य प्रदेश पुलिस की हॉकफोर्स ने मुठभेड़ में 14 लाख के ईनामी नक्सली को मार गिराया है। मुठभेड़ की पुष्टि पुलिस अधीक्षक समीर सौरव ने की है।बताया गया कि सोनगुड्डा अंतर्गत कोदापार के जंगल में सर्चिंग के दौरान पुलिस व नक्सली के बीच मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों ने पुलिस पर फायरिंग की और नक्सलियों को मुंह तोड़ जवाब देते हुए पुलिस ने भी फायरिंग की। इस दौरान पुलिस ने 14 लाख के इनामी नक्सली बस्तर निवासी कमलू को मार गिराया।

नायाब सैनी को भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान का प्रभारी बनाया

चंडीगढ़। हरियाणा के कुरुक्षेत्र से सांसद नायाब सैनी को भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान का प्रभारी और मेयर अवनीत कौर को पंजाब का सहप्रभारी नियुक्त किया है। माना जा है कि महिला आरक्षण बिल में ओबीसी का मुद्दा उठने पर केंद्र सरकार ने सैनी को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। वह शीघ्र ही राजस्थान के दौर पर जाएंगे और वहां के मतदाताओं को साधने का का करेंगे।

खबर फटाफट

एक नवंबर को प्रदर्शन करेंगे किसान : विजय सिंह डागर

सोहना : यहां पर गांव रायपुर के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया ने क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर ग्रामीणों को पहली नवंबर को अपने साथ जंतर-मंतर पर होने वाले किसान प्रदर्शन में चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन एक नवंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री को सौंपेगा। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर संगठन 3 अक्टूबर को राज्य में काला दिवस मनाएगा और अजय मिश्रा टेनी व प्रधानमंत्री के पुतले जलाएगा। एसकेएम हरियाणा के आहवान पर फसलों का मुआवजा ना देने तथा निजी कंपनियों द्वारा मनमानी करने के खिलाफ उपमुख्यमंत्री के उचाना स्थित कार्यालय पर 9 अक्टूबर को होने वाली किसान महापंचायत में बढ़-चढक़र भाग लेंगे तथा सोहना हलका के किसान 29 अक्टूबर को जीद में आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय सम्मेलन में भी भाग लेंगे। किसान आंदोलन के बकाया मुददों, जिसमें एमएसपी पर फसल खरीद के कानून की गारंटी तथा बिजली बिल संशोधन-2022 को रदद करवाने को लेकर 26, 27 तथा 28 नवंबर को चंडीगढ़ में किसान महापड़ाव होगा, जिसमें संगठन भाग लेगा।

युवा कांग्रेस ने शुरू किया युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो अभियान : गुर्जर

सोहना : कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर ने युवा कांग्रेस के झंडे तले क्षेत्र में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने के लिए युवा जोड़ो-हरियाणा जोड़ो अभियान शुरू किया है। उन्होने बताया कि यह अभियान भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर तैयार किया गया है। इस दौरान युवा कांग्रेस ने युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि यह अपने आप में ऐसा अनोखा कार्यक्रम होगा, जिसके माध्यम से हर वर्ग का युवा एक मंच पर आएगा। कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर ने बताया कि अभियान के दौरान बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियों और विदेशी पलायन तथा शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य में क्षेत्र की अनदेखी को लेकर नौजवानों को अभियान से जोड़ा जाएगा।इस अभियान को लेकर क्षेत्र के युवाओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

किसानों पर लाठीचार्ज भाजपा के ताबूत में बनेगा कील : भारद्वाज

सोहना : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने मुरथल में टोल फ्री करवाने पहुंचे निहत्थे ग्रामीणों पर सरकार के इशारे पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। उन्होने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार खाकी व लाठी के दम पर निहत्थे किसानों की आवाज दबाना चाह रही है। पुलिस ने ना केवल काफी लोगों को हिरासत में ले लिया बल्कि पार्षद समेत 80 लोगों पर मुकदमे दर्ज कर आंदोलन को दबाने का प्रयास कर रही है। पंकज भारद्वाज ने कहा कि निहत्थे किसानों पर भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार द्वारा खाकी से कराया गया लाठीचार्ज भाजपा के ताबूत में कील साबित होगा। उन्होने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है लेकिन गठबंधन सरकार जायज मांगों को पूरा करने की बजाय निहत्थे किसानों पर लाठी चलवाकर मुकदमे दर्ज करवाने का काम कर रही है।

रिठौज कॉलेज में छात्र-छात्राएं 30 तक ले सकेंगे दाखिला : डा. हुडडा

सोहना : आदर्श गांव रिठौज स्थित सरकारी कॉलेज में दाखिला लेने के इच्छुक छात्र अब 30 सितंबर तक दाखिला ले सकेंगे। रिठौज कॉलेज की प्राचार्य डा. रेणू हुडडा ने हमारे प्रतिनिधि उमेश गुप्ता को बताया कि कॉलेज में आर्ट व कॉमर्स संकाय में दाखिला लेने के लिए छात्र-छात्राएं जानकारी लेने पहुंच रहे हैं। जिन विद्यार्थियों ने अभी किसी भी कॉलेज में दाखिला नहीं लिया है, वह उनके लिए सुनहरी मौका है और वह रिठौज कॉलेज में दाखिला ले सकते हैं। बता दें कि रिठौज गांव के प्रमुख समाजसेवी चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया, कामरेड प्रताप सिंह, कंवरपाल खटाना, बाबू हेमराज खटाना एडवोकेट, गौतम खटाना एडवोकेट और रिठौज ग्रामपंचायत के सरपंच व मैंबर अपने-अपने स्तर पर रिठौज गांव और आसपास लगते गांवों तथा शहर सोहना में संपर्क साधकर छात्र-छात्राओं को रिठौज कॉलेज में जल्द से जल्द दाखिला लेने के लिए प्रेरित करने के लिए लगे हुए हैं।

बाजरे ने अफ्रीकी देशों की मिटाई भुखमरी : योगी राघव

सोहना : भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव खेड़लिया ने कहा कि श्री अन्न उत्पादन में विश्व के मानचित्र पर भारत का अग्रणी स्थान है, जो हमारे लिए गौरव की बात है। हरियाणा की बाजरे की एचआर 16 हाईब्रिड किस्म ने दक्षिणी अफ्रीकी देशों की भूखमरी की समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एचआर 16 हाईब्रिड वैरायटी बाजरे वाली फसल दक्षिणी अफ्रीकी देशों में वर्ष में 2 बार उत्पादित की जाती है। जिससे वहां खाद्य समस्याओं का निदान हुआ है।

विश्व रिकार्ड बनाने वाले एवरेस्ट विजेता नरेन्द्र सिंह को दी बधाई : बलबीर

सोहना : सामाजिक संस्था उन्नति चैरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर सिंह गब्दा ने अहीरवाल के गांव नेहरूगढ़ के रहने वाले एवरेस्ट विजेता नरेन्द्र सिंह को यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी एलब्रूस को दूसरी बार फतह कर तिरंगा लहराने पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि वहां श्रीराम का झंडा लगाकर हनुमान चालीसा का पाठ करके सराहनीय काम किया है। भारतीय सेना के जवान कृष्ण चंद्र के पुत्र नरेन्द्र सिंह ने वर्ल्ड रिकार्ड बुक में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। अब तक नरेन्द्र सिंह ने 7 में से 5 महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों को फतह कर कई विश्व रिकार्ड बनाए हैं। गब्दा ने बताया कि वर्ष-2012 में पर्वतारोहण के बेसिक, वर्ष-2013 में एडवांस, वर्ष-2015 में एमओआई, वर्ष-2022 में सर्च एंड रेस्क्यू के साथ सभी कोर्स उन्होने पास किए है।

शहीद भगत सिंह के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

कहा : इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाए

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। शहर में आज शहीदे-ए-आजम भगत सिंह का जन्मदिन युवाओं ने शहीद भगत सिंह अमर रहे के उदघोषों के बीच फौव्वारा चौक पर स्थित शहीद भगत सिंह प्रतिमा पर माल्यार्पण करके व केक काटकर मनाया।

इस मौके पर उपस्थित लोगों ने उनके दिखाए रास्ते पर चलने का प्रण भी लिया। इस मौके पर नगरपार्षद राखी बागड़ी के प्रतिनिधि गुरुचरण सिंह, रिंकू पंवार गुरुमुख सिंह, सरदार बिजेन्द्र सिंह, धर्म सिंह, जगजीत सिंह, कवीन्द्र सिंह, सोनू सिंह, जीतू सिंह, दया सिंह आदि समेत विभिन्न वक्ताओं ने सरदार भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने की सीख देते हुए कहा कि अपने लिए तो हरेक जीता है। इंसान वह है, जो दूसरों के लिए जिए और कुछ करके दिखाए।

कहा गया कि सरदार भगत सिंह ने देश की स्वाधीनता के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया और हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम गए। प्रत्येक व्यक्ति में देशभक्ति का जज्बा होना चाहिए। शहीद भगत सिंह का नाम वीरता व संघर्ष का पर्यायवाची है। शहीद का क्रांतिकारी जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। संकल्प लिया गया कि हम सभी को जातपात, जाति, धर्म, वर्ग और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर शहीद भगत सिंह द्वारा दिखाए गए देशभक्ति के मार्ग पर चलना होगा।

मौज-मस्ती के लिए पैसे कम पड़ने पर वारदात को अंजाम दे दिया

कैब में सवारियों को बैठाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के 4 बदमाश गिरफ्तार

सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी को मिली सूचना पर कार्रवाई की

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना सीआईए पुलिस ने कैब के नाम पर सवारियों को गाड़ी में बैठाकर लूटपाट करने के आरोप में 4 बदमाशों को शुक्रवार को रायपुर मोड से पकड़ने में कामयाबी पाई है।

पकड़े गए बदमाशों की पहचान 23 वर्षीय कपिल, 23 वर्षीय दीपक, 23 वर्षीय जितेन्द्र उर्फ जीतू तथा 23 वर्षीय अनुज चारों निवासियान गांव उजीना, जिला नूंह मेवात के रूप में हुई है। पुलिस फिलहाल बदमाशों से पूछताछ में जुटी है।

पुलिस के अनुसार बदमाशों के पास से लूट में प्रयुक्त एक मारूति इर्टिगा, लूटा गया एक मोबाइल, 2500 रुपए की नकदी बरामद की है।

एसीपी क्राइम वरुण दहिया ने मीडिया को बताया कि अनिल निवासी गांव शेखपुरा, जिला पलवल ने सोहना शहर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में बताया था कि वह मिलेनियममसिटी स्थित एक कंपनी क्रोमा में नौकरी करता है। वह गत रविवार रात पौने 12 बजे वह सोहना शहर में डाक्टर भीमराव अंबेडकर चौक पर गाड़ी की इंतजार कर रहा था। तभी एक सफेद रंग की एक अर्टिगा कार उसके पास आकर रुकी। उसमें कार चालक समेत 4 लोग सवार थे। पूछने पर पलवल छोड़ने के नाम पर उन्होंने उसे कार में बैठा लिया। कार जैसे ही सोहना से आगे बल्लबगढ़ मोड़ के समीप पहुंची, तभी उन्होंने उसे धमकाया और मारपीट करके उसका मोबाइल व जेब में रखी 4 हजार की नकदी, पर्स, स्मार्ट घड़ी चाकू की नोक पर छीन ली। इसके बाद वे बादमाश उसे मंडोली गांव के जंगलों में फेंककर भाग निकले।

वरुण दहिया के अनुसार बदमाशों से पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपियों में से एक कपिल टैक्सी चलाने का काम करता है तथा अन्य आरोपी मजदूरी करते हैं। वारदात वाली रात अन्य आरोपी कपिल के साथ उसकी गाड़ी में सवार होकर मौज-मस्ती के लिए आए थे रुपयों की कमी होने के कारण उन्होंने एक व्यक्ति को सवारी के रूप में बैठाकर उसे लूटने की योजना बनाई और इस वारदात को अंजाम दिया।

दहिया के अनुसार सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि इस वारदात में शामिल 4 युवक सोहना शहर में रायपुर मोड़ पर खड़े हुए हैं। सीआईए पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करके बदमाशों को दबोच लिया।

भारत रत्न लता मंगेशकर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

सोहना: अपनी सुरीली आवाज से देश-दुनिया पर दशकों तक राज करने वाली सुर-साम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर की जयंती पर श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उन्होंने कहा कि महान गायिका भारत रत्न व भारत की नाइटिंगेल के नाम से मशहूर लता मंगेशकर ने करीब 5 दशक तक हिंदी सिनेमा में फीमेल प्लेबैक सिंगिंग में एकछत्र राज किया। लता मंगेशकर ने वर्ष-1942 में महज 13 साल की उम्र में अपने करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने कई भारतीय भाषाओं में अब तक 30 हजार से ज्यादा गाने गाए हैं। उन्हें देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हे पदमभूषण, पदमविभूषण और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने कहा कि लता मंगेशकर का जाना देश के लिए अपूरणीय क्षति है। वे सभी संगीत साधकों के लिए सदैव प्रेरणा थी।

चौक-चौराहों के नाम शहीदों के नाम पर रखे जाएं:रामगौतम

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। आम आदमी पार्टी के जिलासचिव और आशियाना अनमोल आरडब्लयूए सोसायटी के प्रधान रामगौतम ने केन्द्र व प्रदेश सरकार से मांग की है कि देश और प्रदेश में सभी चौक-चौराहों का नाम शहीदों के नाम पर रखा जाए ताकि देश के कर्णधार और भावी पीढ़ी शहीदों के क्रांतिकारी जीवन से प्रेरणा ले सके।

उन्होंने कहा कि आज आधुनिकता की दौड़ में युवा वर्ग पश्चिमी सभ्यता की तरफ भाग रहा है। शहीदों और क्रांतिकारियों की बजाय फिल्मी कलाकारों और अभिनेत्रियों के नामों को याद रखता है। इसलिए जरूरी है कि शहीदों के संघर्षमय जीवन, आदर्श, चरित्र और राष्ट्रभक्ति से युवाओं को अवगत कराने, उनमें कूट-कूटकर देशभक्ति की भावना, नैतिकता और संस्कारवान बनाने के लिए उन्हे अमर शहीदों और क्रांतिकारियों की गाथाओं से अवगत कराया जाए ताकि आने वाली पीढ़ी भी शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा ले।

सुबह-शाम हो रही हल्की ठंड,दिन में पड़ रही तेज गर्मी

सोहना: अरावली पर्वत की श्रंखलाओं से घिरे सोहना में सुबह-शाम हल्की ठंड का एहसास होने लगा है। हालांकि दोपहर के वक्त तेज गर्मी पड़ रही है, लेकिन शाम घिरते ही अंधेरा जल्दी होने से मौसम भी ठंडा हो जाता है।

मौसम विभाग के विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले सप्ताह तक तापमान इसी तरह रहेगा। दिन में तेज गर्मी परेशान करेगी और सुबह-शाम के वक्त हल्की ठंड रहेगी। दोपहर के वक्त तेज गर्मी होने से दिन गर्म हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि कश्मीर के गुलमर्ग व हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में बर्फ पड़नी शुरू हो गई है।हरियाणा समुद्र तल से इन प्रदेशों से इतना ऊंचा नहीं है, लेकिन अरावली की पहाड़ियों से घिरा होने के कारण सोहना का मौसम सुबह व शाम को बदला नजर आने लगा है।

जगदीश यादव के जाने से भाजपा का होगा सूपड़ा साफ :शर्मा

जननायक जनता पार्टी भी आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंचने लगी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया ने पूर्वमंत्री जगदीश यादव के अपने समर्थकों समेत भाजपा को अलविदा कर कांग्रेस में शामिल होने का स्वागत किया है और इसे पूर्वमंत्री जगदीश यादव का लिया गया दूरदर्शी फैसला बताया है।

उन्होंने कहा कि पूवमंत्री जगदीश यादव के कांग्रेस में आने से आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में अहीरवाल, मेवात और मिलेनियममसिटी जनपद में भाजपा का सूपड़ा साफ होना तय है। पूर्वमंत्री जगदीश यादव के भाजपा छोडक़र कांग्रेस में आने से अहीरवाल, मेवात और मिलेनियममसिटी में जहां भाजपा को जोर का झटका धीरे से लगा है, वही कांग्रेस की राजनीतिक ताकत बढ़ गई है। उनके कांग्रेस में शामिल होने का फायदा आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में अहीरवाल, मेवात और मिलेनियममसिटी जनपद में देखने को मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आज देश की जनता भाजपा की झूठ व लूट भरी नीतियों को पहचान गई है तो जननायक जनता पार्टी आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले ही टूटने की कगार पर पहुंचने लगी है। धरातल पर आज हालात ये है कि प्रदेश और देश में बेरोजगारी तेजी से बढ़ी है। कामधंधे चौपट हो गए है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि ऑनलाइन ठगी की वारदातें तेजी से बढ़ने से लोगों के बैंक खाते खाली हो रहे है। भाजपा के राज में लोग बिजली, पानी, सीवरेज जैसी समस्याओं से जूझ रहे है। भाजपा के राज में सरमाएदारों, पूंजीपतियों की मौज बन आई है और अच्छे दिनों के नाम पर ऐसे लोग मौज मा रहे है जबकि गरीब जनता को 2 वक्त की रोटी चटनी से खाना भी दुश्वार हो गया है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश में भाजपा ने झूठे जुमलों के सहारे सत्ता हथियाने का काम किया। आज जनता भाजपा की झूठ व दोगली नीतियों को अच्छे से समझ गई है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार की मार झेल रही जनता अब भाजपा को राज्य में आगामी होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त देने तथा सत्ता से चलता करने की तैयारी में है।

उन्होंने कहा कि विकास का दम भरने वाली मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार को सोहना विधानसभा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों के ऊपर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए ताकि पता चले कि मौजूदा सरकार ने सोहना क्षेत्र में कितने बेरोजगारों को रोजगार देने का काम किया है।

इनेलो 15 से दोबारा शुरू करेगी जनसमर्थन रथयात्रा: सन्नी डागर

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। इनेलो युवा के हलका अध्यक्ष सन्नी डागर रायपुरिया का कहना है कि इनेलो ने गठबंधन सरकार की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलने तथा प्रदेश की ज्वंलत समस्याओं को प्रमुखतापूर्वक जोरशोर से उठाने के लिए 15 अक्टूबर से नए सिरे से राज्य में जनसमर्थन रथयात्रा शुरू करने का निर्णय लिया है। यह जनसमर्थन रथयात्रा आगामी विधानसभा चुनावों तक जारी रहेगी, जो राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में घूमेगी और सभी 90 के 90 विधानसभा क्षेत्रों में जाएगी। इस जनसमर्थन रथयात्रा की अगुवाई ऐलनाबाद से विधायक अभय चौटाला करेंगे। बातचीत के दौरान क्षेत्र के प्रमुख किसान नेता चौधरी विजय सिंह डागर रायपुरिया, इनेलो के हलका अध्यक्ष चौधरी चरण सिंह अलीपुरिया, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह, चौधरी सुरेश प्रधान, नंबरदार धर्मबीर खटाना, अजीत अधाना, भूपेन्द्रप्रताप खटाना लोहटकी, सेठ सुंदरपाल अग्रवाल, राजकपूर एडवोकेट, सुखदेव सैनी, पूर्व नगरपार्षद ओमप्रकाश सैनी, सुंदर सिंह राजपूत, नंबरदार धर्मपाल सैनी, मनोज प्रधान, मास्टर खूबीराम आदि प्रमुख लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी सच्चाई की जीत : शर्मा

सोहना : बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष देवदत्त शर्मा एडवोकेट ने पंजाब के मुक्तसर जनपद में एक वकील और उसके एक अन्य साथी को हिरासत में लेकर उत्पीड़न किए जाने वाले मामले में एक पुलिस कप्तान रमनदीप सिंह भुल्लर तथा 2 अन्य पुलिस अधिकारियों में पुलिस अधीक्षक रमन कुमार कंबोज और कांस्टेबल हरबंस सिंह को गिरफ्तार किए जाने को सच्चाई और वकील समाज की जीत बताया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में लुधियाना के पुलिस आयुक्त मनदीप सिंह सिंधू की अगुवाई में 4 सदस्यीय विशेष जांच दल बनाया गया है जबकि खुफिया विंग के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बनाई गई इस एसआईटी पर नजर रखेंगे, जब तक वकील व उसके साथी को पूरी तरह न्याय नहीं मिलेगा।

संसार प्रकृति के नियमों के अधीन : भारद्वाज

हरीश नंदा राजू की माता शोभा नंदा के निधन पर शोक व्यक्त किया

उमेश गुप्त, भरोसा मित्र

सोहना । हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज अपने लाव-लश्कर के साथ वार्ड-16 से नगरपार्षद व जिला योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे तथा पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू के आवास पर पहुंचे और उनकी माता शोभा नंदा के निधन पर शोक व्यक्त किया। कहा कि यह संसार प्रकृति के नियमों के अधीन है और परिवर्तन एक नियम है। शरीर तो मात्र एक साधन है। इस दुख की घड़ी में हम सब आपके साथ हैं। भारद्वाज ने नगरपार्षद हरीश नंदा तथा उनके परिवार जनों को सांत्वना देते हुए कहा कि जीवन-मरण सब परमपिता परमात्मा के हाथ में होता है। आत्मा कभी नहीं मरती। वह अमर है। जीवन की यह एक सच्ची कहानी है। मृत्यु एक दिन सभी को आनी है। जाने वाले कभी नहीं आते, लेकिन माता जी की आवाज कानों में हमेशा गूंजती रहेगी। बहुत ही सादगी भरा जीवन उन्होंने व्यतीत किया। उनकी सादगी और सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने हेमंत नंदा और परिवार को ढांढस बंधाया।कहा कि भारद्वाज परिवार आपके साथ है। भारद्वाज के अनुसार ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति एवं अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

इस मौके पर एडवोकेट हरिओम सिंह छोकर, पीसीसी सदस्य नंबरदार बीर सिंह खटाना, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन मोहनलाल सैनी, ठाकुरदास शर्मा, लवली एडवोकेट, जोगिंदर सिंह बागड़ी, धर्म भारद्वाज, मोहित भारद्वाज, सोनू भारद्वाज, पंकज मंगला, लाला त्यागी, अशोक रोहिल्ला, लाला राठौड़, अनिल सैन, नौरंग खटाना, दिव्यांश शर्मा, नितिन अग्रवाल एडवोकेट सहित अन्य ने भी गहरा शोक व्यक्त किया।

वैश्य संकल्प महारैली में लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा : रोहित गर्ग

सोहना: अग्रवाल वैश्य समाज की इकाई के अध्यक्ष रोहित गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, रेडीमेड कारोबारी अशोक गर्ग और सैंकी सिंगला ने शुक्रवार को शहर में अग्रवाल समाज के लोगों से संपर्क कर एक अक्टूबर को जींद में होने वाली रैली में अपने साथ चलने का निमंत्रण दिया।

उन्होंने बताया कि पहली अक्टूबर को जींद की पावन धरती पर वैश्य संकल्प महारैली होगी, जो प्रदेश में एक नया इतिहास रचने का काम करेगी। सोहना से अग्रवाल समाज के लोग रैली में शामिल होने के लिए एक अक्टूबर को सपरिवार प्रस्थान करेंगे। इस दौरान रोहित गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, रेडीमेड कारोबारी अशोक गर्ग और सैंकी सिंगला ने बताया कि अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर 267 एकड़ भूमि में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए अग्रवाल समाज ने रात-दिन मेहनत की है।

कथा प्रवाह | मेरी फसल

सत्संग से सुधरें लोक व परलोक भी: दिनेश शास्त्री

असल आनंद सुख पाने के लिए मन के भीतर लौटना होगा

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। यहां पर शहर के वार्ड-16 के तहत ठाकुरवाडा मोहल्ला स्थित शीला कुआं विवाह स्थल प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा में शुक्रवार को कथावाचक दिनेश चन्द्र शास्त्री ने श्रीराम कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच ज्ञान की गंगा बहाते हुए कहा कि भले ही इंसान ने विज्ञान में तरक्की कर खूब ज्ञान बटोर लिया हो, लेकिन मन की शांति आध्यात्मिक ज्ञान से ही मिलती है। इसलिए अपने मन के अंदर झांक उस प्रभु आनंद को ढूंढे। तभी जीवन का आनंद मिलेगा।

उन्होंने कहा कि आनंद मन के भीतर है और लोग बाहर भटक रहे है। ऐसे में प्राणी को कैसे मिले आनंद, इसके लिए सत्संग की जरूरत है। आज का मानव धन से आनंद ढूंढ रहा है लेकिन संसार में कोई धन है तो वो आनंद है। सत्संग के महत्व को समझाते हुए कहा कि आज भागदौड़ भी जिंदगी और आधुनिक युग में धन-दौलत पैसे, पद की ललक व परिस्थितियां पद तो दिला सकती हैं, लेकिन असल आनंद सुख पाने के लिए मन के भीतर लौटना होगा। मनुष्य दरिद्र है। उसे सुकून चाहिए तो भगवान कृपा, भक्ति, सत्संग जरूरी है। सत्संग से लोक व परलोक भी सुधर जाते है। वैज्ञानिकों ने विज्ञान की खोज कर खूब तरक्की की है। विज्ञान से इंसान बाहर की संतुष्टि तो पा सकता है, लेकिन मन में बैठे आनंद को नहीं ले सकता। भोग विषयों के सुख लेने से मन की वासना और बढ़ती है। धन चाहे तो प्रभु की भक्ति करो। कथावाचक ने कहा कि श्रीराम का

जीवन प्रेरणादायक है, जो हमें जीवन जीने की सीख के साथ-साथ मर्यादा में रहने के लिए प्रेरित करता है। माता-पिता की आज्ञा, भाई-बंधु का प्रेम हमें सीख देता है। श्रीराम का चरित्र हमें सिखाता है कि सद्गुण व सदाचार जीवन, मानव के प्रति प्रेम अलौकिक सुख देता है। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम त्यागी व तपस्वी थे।आज इस भौतिकवाद, आपाधापी के युग में लोग अपने तक ही सीमित हो गए हैं। शिक्षा का दायरा तो बढ़ा, लेकिन लोग असल में शिक्षित नहीं हो पाए। उनमें संस्कार व देश की संस्कृति के प्रति कोई लगाव नहीं है। जरूरत है अच्छे संस्कारों की। सत्संग सुनने से प्रभु की भक्ति भावना आती है और हमें उस प्रभु का आशीर्वाद मिल जाता है। श्रीराम का स्मरण करने से ही हमारा जीवन धन्य हो जाएगा। इसलिए हमें संत-महात्माओं के सानिध्य में रहते हुए उस प्रभु भक्ति में मन लगाना चाहिए। रामायण का पठन-पाठन करे। प्रभु भक्ति के साथ-साथ इंसान को दानी भी होना चाहिए। प्रभु की लीला अपरम्पार है। जो एक बार इस रस रूपी भक्ति में रम जाता है। उसका जीवन धन्य हो जाता है। समाजसेवी देवी सिंह राणा ने बताया कि कार्यकर्ताओं की टोलियां विभिन्न वार्डों, मोहल्लों, गलियों में घर-घर जाकर श्रीराम कथा में सपरिवार आने के लिए लोगों को आमंत्रण दे रही है। उन्होंने बताया कि श्रीराम कथा आयोजन को कामयाब बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है।

महंगाई के साथ ही रिश्वत भी हो गई महंगी : धारीवाल

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट का कहना है कि देश में बढ़ रही महंगाई का असर अब रिश्वत की रकम में भी नजर आने लगा है। हरियाणा के सरकारी विभागों में अब रिश्वत मांगने के समय चाय-पानी की बात नहीं होती बल्कि सीधा रकम तय की जाती है। पिछले कुछ सालों में रिश्वत की राशि में कई गुणा वृद्धि हुई है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के राजस्व विभाग में पटवारी स्तर के कर्मी पहले 500 रुपये की रिश्वत के मामलों में पकड़े जाते थे, लेकिन अब उन पर 5 से 50 हजार रुपये रिश्वत मांगने के केस दर्ज हो रहे हैं। पुलिस विभाग में हवलदार (जांच अधिकारी) और थानेदार का है। केस निपटाने और धारा हटाने के मामलों में अब 5-10 हजार के बजाय 20 हजार से एक लाख रुपये तक लिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वह खुद इस बात को इस आधार पर कह रहे हैं क्योकि हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के आंकड़े इसकी पुष्टि कर रहे हैं। पहले 10 हजार तक रिश्वत की रकम होती थी, अब आंकड़ों पर नजर डाले तो साफ जाहिर हो रहा है कि पिछले दो सालों में रिश्वत के दर्ज किए गए 310 केसों में पाया कि केवल 44 केसों में रिश्वत की राशि पांच हजार रुपये से कम है। बाकी सभी में यह रकम 4 लाख तक पहुंच गई है जबकि इनसे पहले के सालों में अधिकतर मामले 10 हजार तक की रिश्वत तक के होते थे।

धारीवाल ने कहा कि केवल तहसील या पुलिस विभाग में ही नहीं बल्कि बिजली, पंचायतीराज, पीडब्ल्यूडी खाद्य एवं आपूर्ति समेत अन्य विभागों के भी यही हालात हैं। छोटे-छोटे कामों के लिए मोटी रिश्वत वसूली जाती है। प्रदेश में यह पहली बार है जब पटवारी, हवलदार, एएसआई, एसआई स्तर के कर्मी लाखों रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए।

खबर फटाफट

सुरेश शर्मा बने श्रीचौरासिया ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था अखिल भारतवर्षीय श्रीचौरासिया ब्राह्मण महासभा के चुनावों में सिलोखरा निवासी सुरेश शर्मा एडवोकेट प्रधान चुने गए, जबकि प्रदीप कुमार शर्मा महामंत्री, पवन कुमार कोषाध्यक्ष, सच्चिदानंद शर्मा लेखा निरीक्षक बनाए गए हैं। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुरेश शर्मा एडवोकेट ने बताया कि संस्था की प्राथमिकता ब्राह्मण समाज को एकजुट कर राष्ट्र की सेवा करना है। संस्था की प्राथमिकता चौरासिया ब्राह्मण समाज के बच्चों को उच्च पदों पर ले जाना है, जिसके लिए हम उनको अलग से एकेडमिक शिक्षा दे रहे हैं। गंगा दशहरा के दिन संस्था को 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। शताब्दी के 3 आयोजन कर चुके हैं। अगला आयोजन 29 अक्टूबर को राजस्थान के खाटू श्याम धाम में होगा। समाज में भाईचारा कायम रहे, इसके लिए हम सभी ब्राह्मण संस्थाओं को आमंत्रित करेंगे। इस अवसर पर ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष अजय शर्मा, उपाध्यक्ष अनिल वशिष्ठ, समाजसेवी प्रशांत शर्मा, समाजसेवी सोनू कौशिक, समाजसेवी मनीष कौशिक, ब्राह्मण विकास संगठन के अध्यक्ष राहुल भारद्वाज एडवोकेट, त्यागी ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ नेता राजकुमार त्यागी, कल्याण सिंह शर्मा पूर्व आईआरएस, एसके स्वामी पूर्व आईएएस, राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष आचार्य गौरी शंकर गौतम, ब्राह्मण समाज के सबसे वरिष्ठ नेता बनवारी लाल शर्मा आदि मौजूद थे।

ऑल पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन ने भण्डारा लगाया

गुरुग्राम। सामाजिक संस्था ऑल पंजाबी वेलफेयर एसोसिएशन सैक्टर 21, 22, 23, 23ए द्वारा श्राद्ध पक्ष शुरु होने के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सैक्टर 23 क्षेत्र में विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संस्था के अध्यक्ष यदुवंश कुमार चुघ व सचिव डीएन कवातरा ने बताया कि संस्था सामाजिक व धार्मिक कार्यों में अपना सहयोग करती आ रही है। आर्थिक रुप से कमजोर परिवारों के बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना, निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन कराना संस्था का उद्देश्य रहा है। संस्था समाजहित के कार्यों को बढ़ावा देती आ रही है। आयोजन को सफल बनाने में प्रेम चावला, मानव, करण, गौतम चुघ, गौरव, केके सिंधवानी, एमआर कुमार आदि का सहयोग रहा।

प्राध्यापकों एवं प्राध्यापिकाओं ने ली राइट टू सर्विस की ट्रेनिंग

गुरुग्राम। सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय में हरियाणा इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन की सेवोत्तम सैल द्वारा प्राध्यापकों एवं प्राध्यापिकाओं के लिए पब्लिक शिकायत निवारण, राइट टू सर्विस एक्ट एवं सी पी गराम/सीएम विंडो सेवाओं पर विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सवोत्तम सैल के प्रोजेक्ट ऑफिसर आईएएस (रिटायर्ड) शिव प्रसाद शर्मा तथा इंचार्ज आरती डूडेजा ने सर्विस अधिकार अधिनियम के बारे में विशेष जानकारी दी। शिव प्रसाद शर्मा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए सर्विस अधिकार अधिनियम को लागू किया गया जिसके अंतर्गत घर बैठे ऑनलाइन हम अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। इस अधिनियम के अनुसार सम्बंधित अधिकारियों को तय समय के अनुसार समस्याओं का समाधान करना होगा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम अत्याधिक महत्वपूर्ण है तथा आज जनता की भलाई के लिए लागू किया गया है जो अत्यंत सराहनीय कदम है। आरती डूडेजा ने कहा कि किसी भी अधिकारी को सर्विस रूल्स को ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने समाज में घटते नैतिक मूल्यों पर चिंता व्यक्त की तथा अपने बच्चों को नैतिक शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ प्राध्यापिका डॉ गीतिका ने कहा कि यह ट्रेनिंग सभी अधिकारियों के लिए अत्यंत लाभकारी रही। इस अवसर पर डॉ नीलम, डॉ राजेश कुडू, डॉ मुकेश शर्मा, डॉ मीनाक्षी दलाल, रोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है

गुरुग्राम नगर निगम के हर वार्ड में

दैनिक भरोसा मित्र

हिंदी दैनिक

के लिए रिपोर्टर / अंशकालिक संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि।

इच्छुक साथी संपर्क करें।

8222001000, 9958469846

कृषि मंत्री ने की जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता

विकास कार्यों को गति देने के लिए परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा : जेपी दलाल

बैठक में 19 शिकायतों में 14 का मौके पर ही किया समाधान

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने शुक्रवार को गुरुग्राम के स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल (जॉन हॉल) में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने बैठक के एजेंडे में शामिल 19 शिकायतों में 14 का मौके पर ही समाधान किया और पांच मामलों में कार्रवाई के निर्देश देते हुए अगली बैठक तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम एक वैश्विक शहर है जिसमे विकास कार्यों को गति देने के लिए सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के समक्ष आए परिवादों में गांव हरसरू स्थित सेंट पॉल स्कूल के सचिव ने बताया कि उनके स्कूल में द्वारका एक्सप्रेसवे के साथ लगती ड्रेन में कुछ हिस्सा खुला होने के कारण स्कूल परिसर में ड्रेन के पानी का जलभराव है। इस पर कृषि मंत्री ने जीएमडीए के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अगले एक सप्ताह में स्कूल परिसर के जलभराव वाले क्षेत्र को खाली कराएं साथ ही ड्रेन से निकलने वाले पानी की रोकथाम के लिए भी ठोस इंतजाम किए जाए।

सेक्टर 37सी से आए एक अन्य शिकायतकर्ता ने बताया कि उनके घर के साथ लगते खाली प्लाट में कोरोना ऑप्टस सोसाइटी द्वारा रात के समय सीवर का पानी छोडा जा रहा है जिससे उनके आसपास के क्षेत्र में बीमारी फैलने का भय है।

कृषि मंत्री ने शिकायत की गंभीरता के देखते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के रीजनल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे जिला कष्ट निवारण समिति के सदस्य की अगुवाई में शिकायतकर्ता के साथ बताए गए स्थान का दौरा कर समस्या का समाधान करवाएं। जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक जनसमस्याओं के निवारण का एक बढिया मंच साबित हो रही है। ऐसा ही एक मामला फर्रूखनगर के गांव मुसेदपुर से पिछली बैठक में आया था। जिसमें शिकायतकर्ताओ ने बताया था कि गांव में स्थित एक संस्थान में उन्होंने एक वर्षीय आईटी कोर्स के लिए एक निर्धारित राशि देकर दाखिला लिया था लेकिन दाखिले के उपरांत पाया कि संस्थान में बताई गई सुविधाओं का अभाव था।

सैक्टर 4 की समस्याओं के शीघ्र समाधान का मंत्री ने दिया आश्वासन : धर्मसागर

सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल परिसर में शुक्रवार को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जयप्रकाश दलाल की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें सैक्टर 4 क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर अर्बन एस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिशन (उर्वा) के अध्यक्ष धर्मसागर पहुंचे। उनके साथ इस मौके पर कष्ट निवारण समिति के सदस्य सुरेंद्र खुल्लर, डीसी यादव, केएल चावला मौजूद रहे। उन्होंने मंत्री जयप्रकाश दलाल को समस्याओं से अवगत कराया। प्रधान धर्मसागर का कहना है कि उन्होंने सैक्टर 4 के वॉटर टैंक, ग्रीन बैल्ट पर किए गए अवैध कब्जे व गंदगी, पार्कों के रखरखाव, सड , सीवर, ड्रेनेज आदि समस्याएं उनके समक्ष रखी। जिस पर मंत्री जेपी दलाल ने नगर निगम के ज्वाईंट कमिश्नर अखिलेश यादव, एक्सईएन गोपाल कालावत को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए कि किसी व्यक्तिगत व्यक्ति का साथ देने की बजाय उर्वा के साथ मिलकर सेक्टर 4 में विकास कार्यों की बढ़ावा दें। इस दौरान मंत्री जी ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। धर्मसागर ने बताया कि सैक्टर में सड पर हुए गड्ढों को दुरुस्त करने के लिए काम शुरु हो गया है। वहीं अधिकारियों ने अन्य कार्य शीघ्र शुरु करने का आश्वासन दिया है।

सेवा पखवाड़े में चलेगा स्वच्छता पखवाड़ा : गार्गी कक्कड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में जिला के सभी मंडल अध्यक्ष, एवं मंडल प्रभारियों की एक बैठक जिला कार्यालय गुरु कमल पर संपन्न हुई। बैठक में जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने सेवा पखवाड़े में हुए अभी तक के कार्यों की समीक्षा एवं आगमी 3 दिन में होने वाले कार्यक्रमो की कार्य योजना तैयार करते हुए कहा कि सभी मंडलों के प्रभारी अपने-अपने मंडलों में अगले तीन दिन मंडल प्रवास पर रहेंगे। और मंडलों के कार्यक्रमों को देखेंगे। सेवा पखवाड़े के तहत जिले में आगामी तीन दिनों में अलग-अलग स्थान पर रक्तदान शिविर एवं नेत्र जांच शिविर लगाए जाऐगे जिसमें निशुल्क चश्मा वितरण किया जाएगा । एक और दो अक्टूबर को सभी मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जाएगा। स्वच्छता एक क्रिया है जिससे हमारा शरीर, दिमाग, कपड़े, घर, और आस-पास के कार्यक्षेत्र साफ और शुद्ध रहते हैं हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए साफ सफाई बेहद जरूरी है बैठक में जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, जिला विस्तारक सत्यवीर गांधी, जिला उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, राजेश अरोड़ा, सोनाली मित्रा , सतीश नागर, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, अर्जुन शर्मा, बिंदु भार्गव, वेद प्रकाश यादव, धर्मेंद्र यादव, श्रवण आहूजा, अरुण शुक्ला, कृष्ण यादव, रामकिशन राघव, गौरव चुघ, प्रियव्रत कटारिया, अभय चौहान, मुकेश शर्मा, नितिन शांडिल्य, देवेंद्र यादव, वीरेंद्र सिंह, अरुण बंसल, रामनिवास यादव उपस्थित रहे।

किसान को प्राइवेट वेंडरों को बाजरा बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा : अनुराग ढांडा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम।आम आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को गुरुग्राम स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता की। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम को मॉडर्न सिटी और साइबर सिटी ये सब शब्द इस बात के पर्याय हैं कि गुरुग्राम की जीवन शैली बाकी सभी शहरों से कहीं बेहतर है। लेकिन कन्हाई गांव में निगम के द्वारा छोटे छोटे घरों को तोड़ दिया गया। जब उन लोगों से बात की तो उन्होंने बताया कि वो यहां 25 साल से रह रहे हैं। यदि कोई 25 साल से रह रहे हैं तो वो जमीन किसकी और कैसी है ये सब कानूनी विवाद है। सरकार या निगम के द्वारा कोई नोटिस इन लोगों को नहीं दिया जाता बल्कि बुलडोजर ले जाकर धमकी दी जाती है कि मकानों को गिराया जाएगा। जो लोग अपना सामान बेचकर रिश्वत के लिए पैसे दे दें तो उनसे कुछ समय के लिए तलवार हट जाती है और जो लोग ऐसा नहीं कर पाते उनपर बुलडोजर की तलवार लटकती रहती है।

उन्होंने कहा कि क्या सरकार बिल्कुल निर्दयी हो गई है? उन्होंने कहा कि सरकार का पहला दायित्व लोगों को जीवन यापन के साधन उपलब्ध करवाना है और यदि सरकार छीनने पर आ जाए तो समझ लेना चाहिए कि सरकार बदलने का समय आ गया है। जिस तरीके से सरकार काम कर ही है वो अपने आप में स्पष्ट बताता है कि सरकार जमीन से कट चुकी है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी इन गरीबों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेगी और जहां भी संघर्ष की जरुरत होगी उनके मकानों को टूटने नहीं दिया जाएगा। हरियाणा में 90 प्रतिशत लोगों का रुझान स्पष्ट है कि कांग्रेस, भाजपा, जजपा और इनेलो ने प्रदेश की जनता को लूटा है। इसलिए सभी बदलाव चाहते हैं। पंजाब में जो रिजल्ट आया उससे कहीं बेहतर परिणाम हरियाणा में आएंगे। इसलिए हर गांव में आम आदमी पार्टी की चर्चा है। आम आदमी पार्टी के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल आने वाले दिनों में 2 लाख से ज्यादा पदाधिकारियों को शपथ दिलाएंगे। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष मुकेश डागर, जिला अध्यक्ष धमेंद्र खटाना, प्रदेश प्रवक्ता अनुराधा शर्मा, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष धीरज यादव, जिलाध्यक्ष सुशीला कटारिया, प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियदर्शिनी सिंह, सुखबीर तंवर, माइकल सैनी, प्रताप कदम,हरीश मल्होत्रा, विजय यादव, मुकेश पवन चौधरी, धनराज बंसल, पारस जुनेजा, कृपाल सिंह , बबलू बोहरा और कश्मीरी सिंह मौजूद रहे।

प्रचंड बहुमत से राजस्थान में सरकार बनाएगी भाजपा : जीएल शर्मा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा भजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं राजस्थान चुनाव के लिए नागौर शहरी जिले के प्रवासी प्रभारी बनाए गए जीएल शर्मा ने कहा कि राजस्थान विधानसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से जीत हासिल कर प्रदेश में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी सकारात्मक राजनीति और पिछले कार्यकाल में कराए विकास की बदौलत फिर से राजस्थान की सत्ता पर काबिल होगी। नागौर शहरी की पांच विधानसभा सीटों के प्रभारी बनाए गए जीएल शर्मा राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी की अध्यक्षता में स्थानीय कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक में बोल रहे थे। शर्मा ने पदाधिकारियों के साथ कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव की घोषणा से पहले भी चुनाव की बहुत सी तैयारियां होती है, जिन्हें समय रहते मुक्कमल किया जाना जरूरी है। पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की यह जिम्मेदारी है कि वह क्षेत्र के सभी मतदाताओं तक पहुंचे और पांच साल की कांग्रेस सरकार की नाकामियों और पिछले कार्यकाल में भाजपा की उपलब्धियों के बारे में बताएं। पार्टी ने जीएल शर्मा को जहां जिम्मेदारी सौंपी उन्होंने वहां अपने कुशल संगठनकार्ता के रूप में अपनी छाप छोड़ी है। यही कारण है कि पार्टी ने एक फिर से राजस्थान विधानसभा चुनाव में उन पर भरोसा जताते नागौर की पांच विधानसभा सीटों का प्रभार सौंपा है।

यातायात जोनल अधिकारियों के बड़े पैमाने पर किए तबादले

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की अध्यक्षता में यातायात के सभी जोनल अधिकारियों की बैठक बुलाई गई, जिसमें यातायात पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान यातायात में मौजूद सभी जोनल अधिकारियों का स्थानांतरण करने के लिए ड्रॉ सिस्टम का प्रयोग किया गया। बैठक के दौरान यातायात के कुल 98 जोनल अधिकारी मौजूद थे, जिसमें ड्रा सिस्टम के माध्यम द्वारा कुल 103 निर्धारित प्वाइंटों का ड्रॉ निकाला गया। इस दौरान जिस भी जोनल अधिकारी का जो ड्रॉ प्वाइंट निकला, उन सभी को तुरंत प्रभाव से अपने ड्रा के द्वारा निकाले गए स्थान पर सच्ची निष्ठा, ईमानदारी, मधुर व्यवहार के साथ अपनी ड्यूटी करने के लिए उचित आदेश व निर्देश दिए गए और अपने बूथों की साफ सफाई बारे भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

कैनविन फाउंडेशन में विश्व हृदय दिवस पर दिल को स्वस्थ रखने के दिए टिप्स

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कैनविन फाउंडेशन की ओर से कैनविन आरोगय धाम में स्वास्थ्य सेमीनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल व सह-संस्थापक नवीन गोयल ने चिकित्सकों की मौजूदगी में लोगों के साथ दिल की दिल पर बात की। सभी को अपने दिल का खास ख्याल रखने के लिए प्रेरित, जागरुक किया। इस अवसर पर सीएमडी डा. मोनिका सांगवान, कार्डियोलॉजिस्ट डा. अतुल ठाकरान, छाती रोग विशेषज्ञ एवं जनरल फिजिशियन डा. अंकित भारद्वाज, डा. मुस्कान सिंघल, पदम सिंह, केजी रोहिल्ला समेत अनेक लोग मौजूद रहे। विश्व हृदय दिवस पर विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट को सांझा करते हुए डा. डीपी गोयल ने कहा कि हर साल दुनिया में हृदय रोगों के कारण 1.79 करोड़ लोगों की मृत्यु हो जाती है। हृदय की बीमारी पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गई है। आज का दिन 29 सितम्बर हर साल विश्व हृदय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस पर हमें अपने दिल के लिए कुछ खास रेजोलेशन भी लेने चाहिए, ताकि अपने दिल को हम बेहतर रख सकें। डा. डीपी गोयल ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हृदय रोग अमीरी, गरीबी देखते हों। पिछले कुछ वर्षों में बड़े सेलिब्रिटी भी हृदय घात की चपेट में आए हैं। बहुतों की मौत भी हो चुकी है। युवाओं में हृदय रोग बढ़ रहा है। डा. डीपी गोयल ने चिकित्सकों के अनुभवों, रिपोर्ट के आधार पर कहा कि हमारे देश में हृदय की बीमारियां मौत का सबसे बड़ा कारण है। रिपोर्टों में यह भी दावा किया गया है कि 40 साल से कम उम्र के 25 प्रतिशत भारतीयों को दिल का दौरा पडने़ या दिल से जुड़ी अन्य गंभीर बीमारियां होने का खतरा अधिक होता है। 40 से 50 वर्ष की उम्र के लोगों के लिए यह जोखिम 50 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि अगर हम एक्टिव हैं। संतुलित आहार लेते हैं। धूम्रपान और शराब छोड़ देते हैं। तनाव को कंट्रोल रखने के तरीके अपनाते हैं तो अचानक हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट से बचा जा सकता है। जो लोग प्रतिदिन 7-8 घंटे की अच्छी नींद पूरी करते हैं, उन्हें हार्ट डिजीज के अलावा ज्यादा वजन और हाई ब्लड प्रेशर समेत कई परेशानियों को कंट्रोल करने में आसानी होती है। ऐसे में जरूरी है कि सभी लोग पर्याप्त मात्रा में नींद लें।

कार्यक्रम | राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त ने किया सीधा संवाद

दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए कार्य कर रही सरकार: मक्कड़

आत्मविश्वास के बलबूते दिव्यांग होने के बावजूद अनेक अनुकरणीय कार्य किए

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त राजकुमार मक्कड़ ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार दिव्यांगों के हितों को सुरक्षित रखते हुए सरकारी सेवाएं प्रदत्त करने में अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभा रही है। दिव्यांगजनो के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं से जोड़ा जा रहा है। हरियाणा राज्य दिव्यांगजन आयोग के आयुक्त मक्कड़ शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में खुला दरबार लगाकर दिव्यांग जनों से सीधा संवाद कर रहे थे। इस दौरान राज्य आयुक्त ने जिला के दिव्यांगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उसके निवारण सहित दिव्यांगजन को दी जाने वाली सुविधाओं के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश दिए। मक्कड़ ने कहा कि दिव्यांगजनो को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने दिव्यांग जनों की समाज में पूर्ण सहभागिता पर बल देते हुए कहा कि दिव्यांगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए उन्हें भी बराबर का अवसर मिलना चाहिए, इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके साथ ही सभी लोगों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं को दिलाने में उनकी मदद भी करनी चाहिए। उन्होंने उपस्थित दिव्यांग जनों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे दिव्यांगता को चुनौती के रूप में स्वीकार करके और पढ़ाई पर फोकस रखते हुए अन्य सामान्य जन के रूप में कार्य कर दिव्यांगजनों के लिए अनुकरणीय बनें। इस दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों की दिव्यांग हस्तियों की उपलब्धियों का भी जिक्र किया जिन्होंने आत्मविश्वास के बलबूते दिव्यांग होने के बावजूद अनेक अनुकरणीय कार्य किए हैं। बैठक में आयुक्त ने दिव्यांगजनो को दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, (आरपीडब्ल्यूडी) 2016 के प्रति जागरूक करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे दिव्यांगजन को सार्वजनिक स्थानों में दी जाने वाली सुविधाओं के तहत सभी सरकारी व निजी कार्यालय में दिव्यांगजन मैत्रीपूर्ण माहौल व सुविधाएं उपलब्ध कराएं। इसके साथ ही दिव्यांगजन को मिलने वाली सरकारी सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए प्रचार प्रसार व्यापक स्तर पर किया जाए। बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व दिव्यांगजनो के लिए काम कर रहे एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एक्सईएन बने संजय ने गतिविधियां की तेज

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम कादीपुर कार्यालय में एसडीओ से पदोन्नत होकर एक्सईएन बने संजय मंगला ने जहां गतिविधियां तेज कर दी हैं, वहां आर्य समाज जैकबपुरा के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गुप्ता, वैदिक कन्या हाई स्कूल प्रबंध समिति के मुकेश गुप्ता, समाजसेवी प्रेमचंद, सेवानिवृत प्रबंधक अजीत गुप्ता, आनंद कुमार आदि ने संजय मंगला को सम्मानित किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में गुरुग्राम व फरीदाबाद जिलों के बिजली निगम के सिविल वर्कस तरक्की करेंगे। इस दौरान अकाउंटेंट कमाली दहिया, सुरेंद्र यूडीसी, दुष्यंत जेई, सतीश एलडीसी आदि कई कर्मचारी मौजूद रहे। एक्सईएन संजय मंगला ने बताया कि गुरुग्राम व फरीदाबाद जिलों में विभागीय अफसरों, कर्मियों व उपभोक्ताओं के निवास तथा बैठने की उचित व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रबंधन के निर्देशों के अनुसार निर्माण कार्यों में तेजी लाई जा रही है। गुरुग्राम के सैक्टर 52ए और फरीदाबाद के सैक्टर 20 में स्काडा प्रौजेक्ट के तहत बहुमंजिला भवन का निर्माण शुरु किया जाएगा, जिसके अंदर एक ही छत के नीचे एसडीओ, एक्सईएन, एसई आदि के कार्यालय होंगे। जिसमें उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं का निवारण होगा तथा अलग-अलग दफ्तरों में नहीं भटकना पड़ेगा। भेजे गए निर्माण कार्यों के प्रस्ताव मंजूर होने पर भवन निर्माण कार्य शुरु करा दिए जाएंगे। निर्माण के बाद बिजली विभाग के अधिकारियों व कर्मियों के तबादे के बाद रिहायश की व्यवस्था की कोई समस्या न हीं रहेगी।

खबर फटाफट

एक अक्टूबर को स्वच्छता अभियान में करें श्रमदानः धीरेन्द्र खड़गटा

नूंह। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिले के गांवों में आगामी एक अक्टूबर को दस बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत श्रमदान की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसके तहत गांवों में गलियों, नालियों व महत्वपूर्ण स्थलों पर सफाई अभियान चलाया जाएगा और एकल उपयोग (सिंगल यू) प्लास्टिक के रोकथाम के लिए ग्राम वासियों को जागरूक किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि हम सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा अपने आसपास के क्षेत्र में सफाई रखनी चाहिए। इसके लिए समय-समय पर स्वयं भी श्रमदान करें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप अहलावत ने बताया कि इस दिन गांवों में घरेलू स्तर पर निकलने वाले गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करने बारे जागरूक भी किया जायेगा तथा स्कूलों के छात्र छात्राओं द्वारा घर-घर (डोर टू डोर) कचरा प्रबंधन हेतु लोगों को जागरूकता रैली निकाल कर जागरुकता की जायेगी। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों, खंड समन्वयकों तथा ग्रामीण लोगों, स्कूल स्टाफ, छात्र-छात्राओं, नेहरू युवा केन्द्र के वालिंटियर, विधायक, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच, पंच, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, चौकीदार, नम्बरदार, सफाई कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा ।

कांग्रेस लगातार हो रही मजबूत लोहिया

सोहना। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता सचिन लोहिया का कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा के नेतृत्व में कांग्रेस दिन-ब-दिन मजबूत हो रही है। भाजपा की जनविरोधी नीतियों से किसान, मजदूर, महिला सडे ों पर है। राज्य में प्रतिदिन भाजपा के बड़े नेता कांग्रेस में शामिल हो रहे है। राज्य में चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा के नेतृत्व में सरकार बनते ही जनविरोधी पोर्टल खत्म करने का काम कांग्रेस पार्टी करेगी। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में अपराध ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ दिए है। कानून व्यवस्था चौपट हो चुकी है। हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार की घटनाएं बढ़ गई है।

राज्य में बढ़ती आवारा पशुओं की संख्या बनी परेशानी का सबब

सोहना।सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे तथा यूथ इंटक के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रोहताश बेदी ने कहा कि प्रदेश में बढ़ती लावारिस पशुओं की संख्या सबसे बड़ी परेशानी का सबब बनी हुई है। पिछले पांच साल में लावारिस पशुओं के कारण करीब 3000 हादसे हुए, जिनमें 900 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। ऐसे में सरकार को इस दिशा में गौसरंक्षण को ध्यान में रखते हुए उचित कदम उठाना चाहिए। राज्य में अधिकतर गौशाला और नंदीशालाएं समाज सेवी संस्थाओं या ग्राम पंचायत की ओर से संचालित की जा रही है। अगर उन्हें सही ढंग से आर्थिक सहयोग दिया जाए तो लावारिस पशुओं से निजात पाई जा सकती है। बार-बार राज्य को लावारिस पशु मुक्त बनाने की घोषणाएं करने से कुछ नहीं होगा। घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने की दिशा में भी उचित कदम उठाना होगा। उन्होने कहा कि राज्य में गौशाला और नंदीशालाओं की संख्या कम नहीं है। अगर उन्हें मदद दी जाए तो लावारिस पशुओं से मुक्ति पाई जा सकती है।

महिला आरक्षण विधेयक भाजपा का जुमला : सूरज खटाना

सोहना। युवा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सूरज खटाना दमदमिया का कहना है कि महिला आरक्षण विधेयक एक जुमला है क्योकि भाजपा सोचती है कि लोग उसे वोट देंगे और कुछ समय बाद भाजपा द्वारा किए गए वादों को भूल जाएंगे। उन्होने कहा कि यह विधेयक वर्ष-2034 तक लागू नही होगा। उन्होने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक कोई नई बात नही है क्योकि दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायत निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए संविधान में 73वां और 74वां संशोधन का मार्ग प्रशस्त किया था।

राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ बढ़ रहे अपराध : बलराज भड़ाना

सोहना। यहां पर नयागांव में रहने वाले समाजसेवी बलराज भड़ाना ने राजस्थान में एक नाबालिग से हुए दुष्कर्म की घटना को लेकर कांग्रेस सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होने हैरानी व्यक्त की कि इस मामले को लेकर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी व राहुल गांधी चुप्पी क्यो साधे हुए है? उन्होने कहा कि राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे है। वहां इस तरह के 34 हजार से अधिक मामले दर्ज किए गए है। उन्होने कहा कि राजस्थान पिछले 5 वर्ष के आंकड़े देख लीजिए। महिलाओं के खिलाफ अपराध के 2 लाख से ज्यादा मामले दर्ज किए गए है। उन्होने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने अन्य राज्यों में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराध के मामलों को उजागर करने का मौका नही गंवाया लेकिन राजस्थान पर चुप है।

सरकारी काम में बाधा डालने पर

ग्राम सचिव ने जिला पार्षद के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज

मेवात में भाजपा के जिला पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने से हुई भाजपा की किरकिरी

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । मेवात जिला परिषद के वार्ड नं 25 से जिला पार्षद तौफिक हिंगनपुर व पिनगवां खंड के ग्राम सचिव जयप्रकाश के बीच हुए झगड़े में पुलिस ने जिला पार्षद तौफिक हिंगनपुर के खिलाफ़ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं तौफिक द्वारा दी गई शिकायत पर भी पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सचिव और जिला पार्षद में किसी काम को लेकर कहासुनी हो गई थी, जिसको लेकर दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने में शिकायत देकर मुकदमा दर्ज करवा दिया। जिला पार्षद के खिलाफ हुए मुकदमें से मेवात की राजनीति में गर्माहट शुरु हो गई। आपको बता दें कि तौफिक हिंगनपुर भाजपा की टिकट पर जिला पार्षद का चुनाव जीते हैं और प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज से जहां उनकी काफी नजदीकिया हैं वहीं प्रदेश के बिजली मंत्री के भी करीबी हैं। लेकिन गुरुवार को उनके ख़िलाफ़ दर्ज हुए मुकदमें से उन्हें काफी राजनीतिक नुकसान हुआ है और लोगों में तरह तरह की चर्चाएं शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि जिला परिषद का चुनाव जीतने के बाद भी तौफिक के खिलाफ़ पिनगवां थाने में छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज हुआ था। लेकिन गुरुवार को पिनगवां थाने में ग्राम सचिव द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमें ने उनकी राजनीतिक छवि को नुकसान पहुंचाने का काम किया है। गुरुवार को भाजपा के जिला पार्षद तौफिक हिंगनपुर के खिलाफ पिनगवां थाने में मुकदमा दर्ज होने से विपक्ष के नेताओं ने ठहाका लगाते हुए कहा कि मेवात में भाजपा नेताओं के खिलाफ लगातार मुकदमें दर्ज हो रहे हैं। कई विपक्षी नेताओं ने कहा कि भाजपा के जो नेता मेवात में प्रदेश के गृहमंत्री अनिल विज के खास हैं वहीं प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के भी करीबी हैं। आए दिन सोशल मीडिया पर उक्त जिला पार्षद की फोटो प्रदेश के गृहमंत्री और प्रदेश के बिजली मंत्री के सात देखने को मिलती हैं। जिससे कहीं न कहीं भाजपा को इस मुकदमे के दर्ज होने से भाजपा की छवि को मेवात में काफी नुकसान हुआ है वहीं विपक्षी नेताओं ने मेवात पुलिस कप्तान नरेन्द्र बिजारनीया और पिनगवां थाना प्रभारी राजबीर सिंह का आभार जताते हुए कहा है कि राजबीर सिंह ईमानदार पुलिस अधिकारी हैं जो शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करते हैं।

जिला परिषद के प्रमुख जान मोहम्मद ने कराया बिरादरी तौर पर फैसला

इस बारे में मेवात जिला परिषद के प्रमुख जान मोहम्मद से जब बात हुई तो उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें पता चला कि ग्राम सचिव और जिला पार्षद में कहासुनी हो गई है और दोनों पक्षों ने शिकायत देकर पिनगवां थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है तो उन्होंने शुक्रवार को दोनों पक्षों को अपने कार्यालय में बुलाकर उनका फैंसला करा दिया है। शनिवार तक फैसले की कॉपी थाने में पहुंचा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। लेकिन अब दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर उनका फैंसला करा दिया गया है। इतना ही नहीं इसकी दोनों पक्षों की तरफ से लिखित कॉपी डीसी कार्यालय को भी भिजवा दी गई है। जो दोनों पक्षों की ओर से मुक़दमा कैंसिल कराने के लिए पिनगवां थाने में उपायुक्त कार्यालय की ओर से पहुंचा दी जाएगी।

क्या कहते हैं पिनगवां थाना प्रभारी राजबीर सिंह?

जब इस बारे में पिनगवां थाना प्रभारी राजबीर सिंह से बात हुई तो उन्होंने कहा कि ग्राम सचिव जयप्रकाश की शिकायत पर जिला पार्षद तौफिक हिंगनपुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं जिला पार्षद द्वारा दी गई शिकायत पर भी मुकदमा दर्ज हो गया है। मामले की जांच जारी है जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

फसलों को कीटों से बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग करें किसान

बागवानी विभाग की ओर से 75 प्रतिशत तक दिया जा रहा अनुदान

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । बागवानी फसलों को हानिकारक कीटों के नुकसान से बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग करने के लिए बागवानी विभाग की ओर से 75 प्रतिशत तक का अनुदान दिया जा रहा है। यह योजना पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आधारित है।

जिला उद्यान अधिकारी डा. दीन मोहम्मद ने बताया कि बारिश के मौसम में बागवानी फसलों को हानिकारक कीट पतंगे नुकसान पहुंचाते है। कीटों के नुकसान से बागवानी फसलों को बचाने के लिए फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का उपयोग किया जाता है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग फसलों के लिए अलग-अलग फीरोमैन ट्रैप का उपयोग किया जाता है। इसके लिए एक किसान के लिए अनुदान की अधिकतम सीमा 10 एके है। ट्रैप का उपयोग करने से हानिकारक कीट पतंगों से फसल का बचाव हो जाता है व कीटनाशकों पर किसान का खर्चा नहीं होता जिससे फसल की गुणवत्ता अच्छी होती है। किसान आवेदन के माध्यम से स्वीकृति लेने के बाद किसी भी इम्पैनलड फर्म द्वारा ट्रैप खरीद कर बिल विभाग में जमा करवा सकता है। फसलों को बचाने के लिए हानिकारक कीट को पहचान कर ही फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप का चुनाव करें।

उन्होंने बताया कि अमरूद, नींबूवर्गीय व बेर में फल मक्खी के लिए फरूल्योर नामक कैप्सुल का उपयोग करें तथा कद्दूवर्गीय फसलों में क्यूकरलर एंव बैंगन में फल एंव तना भेदक के लिए लुसिनोड्स ओर्बानलिस नामक कैप्सुल का उपयोग करें।

सफेद मक्खी के लिए यलो स्टीकी ट्रैप का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि अनुदान के लिए किसान सर्वप्रथम मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण कर के बागवानी विभाग की साईट पर एचओआरटी एनईटी डॉट जीओवी डॉट इन पर आवेदन करें व मद का चुनाव करके दस्तावेज अपलोड करें।

जिला उद्यान अधिकारी डा. दीन मोहम्मद ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल के रजिस्ट्रेशन की कॉपी, एक पासपोर्ट साईज फोटो, फैमिली आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड, जमाबंदी, फर्द व पटवारी रिपोर्ट, बैंक पासबुक, ट्रैप का ओरिजनल बिल फीरोमैन ट्रैप, लाईट ट्रैप व स्टीकी ट्रैप के आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज हैं।

आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को महिला थाना सेंट्रल की टीम ने दबोच लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बबलू है जो बिहार के मधेपुरा का निवासी है और सराय ख्वाजा में रहता है और ई रिक्शा चलाता है। पीड़ित लडे ी की मां ने थाने में अपनी शिकायत दी जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने उसकी लडे ी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस द्वारा पीड़ित लडे ी बच्ची के लीगल एड व 164 के बयान दर्ज करवाए गए। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाने में पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कल आरोपी बदरपुर एरिया में पीड़ित लडे ी के पड़ोस में किसी का सामान छोडने गया था। आरोपी को वहां पर वह बच्ची दिखाई दी तो आरोपी उसे अपने ऑटो में बैठाकर ले आया तथा उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑटो के नंबर के माध्यम से आरोपी का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग ई रिक्शा बरामद किया गया है और कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

भाजपा सांसद रमेश बिंधुडी के खिलाफ राष्ट्रपति के नाम डीसी को सौंपा ज्ञापन

सांसद ने धर्म विशेष के खिलाफ अपशब्द बोलकर लोकतंत्र को किया शर्मशार : तैयब हुसैन

नारेबाजी कर शहर में निकाला जुलुस

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। जननायक जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश सचिव नूह से विधानसभा का चुनाव लड़ चुके तैयब हुसैन घसेड़िया ने 21 सितंबर को संसद के विशेष सत्र में बसपा के सांसद दानिश अली पर भाजपा सांसद द्वारा आमर्यादित टिप्पणी करने के विरोध में शुक्रवार को जिला सचिवालय पर प्रदर्शन किया और प्रदर्शन के बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सोपा।

आपको बता दें कि 21 सितंबर को संसद के विशेष सत्र के समय बसपा के सांसद दानिश अली ने चंद्रयान-3 की सफल यात्रा के बारे में देशवासियों को बधाई दी तो संसद में मौजूद भाजपा सांसद रमेश विधूड़ी ने एक विशेष समुदाय के लिए आमर्यादित भाषा बोली और संसद में बसपा सांसद दानिश अली को लेकर अपशब्द भी कहे। जिसका शुक्रवार को नूंह की जनता द्वारा विरोध किया गया।

विरोध के बाद तैयब हुसैन घसेड़िया की अध्यक्षता में महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सोपा। तैयब हुसैन ने ज्ञापन के मार्फ़त मांग की है कि भाजपा सांसद की सदस्यता रद्द की जाए तथा विशेष समुदाय को लेकर कि गई राज्यसभा में टिप्पणी पर भाजपा सांसद पर कानूनी कार्रवाई कर मामला दर्ज किया जाए। तैयब हुसैन ने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत में एक विशेष धर्म और जाति के सांसद के खिलाफ ही नहीं बल्कि पुरी जाति को आतंकवादी व अपशब्द जो बीजेपी के सांसद रमेश विधूड़ी ने कहे हैं उनकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है इससे भाजपा की पूरी मानसिकता और उनके आगे की सोच के बारे में पता चलता है।

मेडिकल कॉलेज में लगाया रक्तदान शिविर

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। शहीद हसन खान मेवाती मेडिकल कॉलेज नलहड नूह में सामाजिक संस्था युवा एकता टीम के द्वारा डेंगू महामारी से पीड़ित व्यक्तियों की सहायता के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ.पवन सिंह ने बताया की युवा एकता टीम के युवा समय समय पर रक्तदान करके पीड़ितों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करने के लिए सदेव तत्पर रहते हे टीम द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाता है व किसी विशेष ब्लड ग्रुप की जरुरत पड़ने पर पीड़ितों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं इसी कड़ी में आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 26 युवाओ ने रक्तदान किया इस अवसर संस्था अध्यक्ष नीरज

रामपाल,सतीश शास्त्री, यशपाल, स्वामी विजयवेश,अनुप, तेजपाल ने रक्तदाताओं को पुष्पमाला व मेडल पहनाकर सम्मानित किया व मेडिकल कॉलेज के स्टाफ़ ने भागीदारी निभाई।

मंडियों में बिगड़ रहे हालात

सोहना। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी महेश घोडारोप का कहना है कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार को किसानों को जरा सी भी चिंता नही है। यही कारण है कि किसानों की लगातार अनदेखी की जा रही है। गत 9 वर्षों से मंडियों में हालात बद से बदतर हो गए हैं। इसे पोर्टल सरकार कहें तो इसमें कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। फसलों की खरीद को लेकर इस बार फिर से किसानों मंडियों में परेशान किया जाने लगा है। कहीं गेट पास की उलझन है तो कहीं पर पंजीकरण के नाम पर किसानों के धैर्य की परीक्षा ली जा रही है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी महेश घोडारोप ने गठबंधन सरकार पर हमला करते हुए कहा कि इस सरकार के गठबंधन का आधार ही भ्रष्टाचार है। प्रदेश की गठबंधन सरकार का अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है। ये सरकार अपने घमंड में हर वर्ग का अपमान कर रही है। खुद मुख्यमंत्री जनसंवाद नहीं, जन-अपमान कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजकल चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जनमिलन की सफलता और मुख्यमंत्री के जनसंवाद की विफलता हर हरियाणवी की जुबान पर है, जो सरकार की परेशानी का कारण बना हुआ है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर व कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी महेश घोडारोप ने कहा कि कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, विकास दर, किसान, खिलाड़ी, गरीब की कल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश में अमन-चैन शांति में हरियाणा पूरे देश में नंबर वन पर था। कांग्रेस की हुड्डा सरकार के समय 10 साल तक प्रदेश के भाईचारे पर कोई खरोंच तक नहीं आयी, न ही कभी किसी वर्ग को धरने पर बैठना पड़ा लेकिन वर्ष-2014 से हालात ठीक पहले के उलटे हो गये। अब प्रदेश की जनता ने मौजूदा सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने और हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनाने का मन बना लिया है।

गर्व | श्रद्धा रांगढ़ का हुआ जोरदार स्वागत

उज्बेकिस्तान से गोल्ड मेडल जीतकर आई 'पॉवरगर्ल'

फरीदाबाद की यह पॉवरगर्ल देश की अगली स्पोर्टिंग सनसनी बनने जा रही है

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। वाको ओपन उज्बेकिस्तान से स्वर्ण पदक जीतकर लौटी 'पॉवरगर्ल' श्रद्धा रांगढ़ का जोरदार स्वागत हुआ। जैसे ही लोगों को पता चला कि हमारे शहर की बेटी गोल्ड मेडल जीतकर फरीदाबाद पहुंच चुकी है तो उसको बधाई देने वालों का हुजुम उमड़ पड़ा। गोल्ड मेडल जीतकर लौटी श्रद्धा रांगढ़ का फरीदाबाद के आयसर चौक पर ढोल बाजे व फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। वहीं लोगों द्वारा भारत माता की जय, वंदे मातरम, श्रद्धा बिटया की जय के नारे कालोनी में गूंजने लगे। श्रद्धा रांगढ़ को आयसर चौक से जवाहर कालोनी, गली नंबर 4 उनके घर तक लोग ढोल की थाप पर नाचते गाते हुए पहुंचे, जहां श्रद्धा रांगढ़ के सम्मान में जवाहर कालोनी वासिया ने

माता की चौकी रखी और सभी ने मिलकर श्रद्धा का सम्मान किया। माता की चौकी खत्म होने के बाद सभी ने बेटी श्रद्धा रांगढ़ को अपना आशीर्वाद दिया और प्रसाद ग्रहण किया। वहीं श्रद्धा रांगढ़ के साथ सेल्फी लेने वालों का तांता लग गया और लोग श्रद्धा के साथ सेल्फी लेते नजर आए।श्रद्धा रांगढ़ को बधाई व आशीर्वाद देने वालों में मुख्य रूप से जननायक जनता पार्टी नेता हाजी करामत अली, इंडियन नेशनल लोकदल की महिला जिला अध्यक्ष कु0 जगजीत कौर पन्नू, विक्की सिंह सलूजा व अन्य समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में रोहताश खत्री, सोनू कुमार मिश्रा आदि कालोनीवासियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

बता दें कि हमारा समाज जिस प्रगतिशीलता के साथ आगे बढ़ रहा है, उसके बावजूद हरियाणा अभी भी लड़कियों के लिए एक रूढ़िवादी जगह है। लोग 'आपकी बेटी लडक़ों के साथ खेलती है', और 'आपकी बेटी ने हमारे बेटे को मारा है' को लेकर श्रद्धा के बारे में आलोचना और शिकायत करते थे। श्रद्धा के पिता विजय रांगढ़ ने सभी सामाजिक मानदंडों और कठोरता को परिपक्वता के साथ निपटाया और उन्हें एक खेल अकादमी में भर्ती कराया। निराश होने और समाज की अच्छी किताबों में फिट होने की कोशिश करने के बजाय, उन्होंने अपनी बेटी की प्रतिभा के साथ खड़े होने का फैसला किया और चाहे कुछ भी हो, उसका समर्थन किया। इस तरह एक शरारती लडक़ी एक 'पावरगर्ल' में बदल गई श्रद्धा रांगढ़ एक शरारती और लक्ष्यहीन बच्ची थी जो अपने दृढ़ संकल्प और सही दिशा के कारण खेल में माहिर बन गई। पॉवरगर्ल सिर्फ 7 साल की थी जब वह क्रिकेट में शामिल हुई और अंडर-10 महिला राष्ट्रीय टीम में एक गेम जीता। फिर उन्होंने किकबॉक्सिंग की ओर रुख किया और कई राष्ट्रीय स्वर्ण पदक सहित कई पुरस्कार जीते। श्रद्धा के कोच अजय सैनी एवं सचिन गुप्ता ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा कि वह आगे भी बेहतर प्रदर्शन कर देश व राज्य का नाम ऊंचा करे।

राजकीय महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय सगोष्ठी का आयोजन

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद।पं जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय सैक्टर-16 के हिन्दी विभाग द्वारा एक दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्या डॉ. रूचिरा खुल्लर के संरक्षण में किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि आनन्द मोहन शरण अपर मुख्य सचिव उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा सरकार रहे। इस संगोष्ठी की संयोजक श्रीमती मीनाक्षी रावत तथा सह.संयोजक डॉ. अमृताश्री थी। इस संगोष्ठी का मुख्य विषय वैश्विकरण और 21वीं सदी का नया भारत था। इस अवसर पर आनन्द मोहन शरण ने नई शिक्षा नीति तथा कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जोडने सम्बन्धित बातें रखी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेश जैन ने श्रोताओं को राष्ट्रीय निर्माण में व्यक्तिगत भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डा. रूचिरा खुल्लर ने सेमिनार रूम में सभी अतिथियों वक्ताओं तथा श्रोताओं का हार्दिक अभिनन्दन करते हुए 21वीं सदी के नए भारत के निर्माण सम्बन्धित रूपरेखा प्रस्तुत की। इसके बाद बाहर से आए सभी वक्ताओं ने अपने वक्तव्य के माध्यम से 21वीं सदी के नए भारत के

निर्माण सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किए जिनमें दुबई से आए डॉ. आलोक कुमार शर्मा प्रमुख रहे। इस संगोष्ठी में मंच संचालन डा.जोरावर तथा डा. पूनम अहलावत ने किया। इस संगोष्ठी के सफल आयोजन में डा. मोनिषा चौधरी, डॉ. कमला चौधरी, डा. अंशु नय्यर, डा. कमल गोयल, डा. राजेन्द्र कुमार, डॉ.एसके यादव, श्रीमती निशा रानी, ललित यादव का विशेष योगदान रहा।

खबर फटाफट

एनडीए की परीक्षा में यदुवंशी स्कूल के दो छात्र व एक छात्रा ने पाई सफलता

रेवाड़ी। यूपीएससी द्वारा एनडीए की लिखित परीक्षा के घोषित परिणाम में पटौदी रोड़ स्थित यदुवंशी शिक्षा निकेतन के छात्रों के साथ-साथ छात्राओं ने भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय और अभिभावकगण का नाम रोशन किया। एनडीए की लिखित परीक्षा में यदुवंशी रेवाड़ी के तीन विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की है। जिनमें नेहा पुत्री रविन्द्र कुमार, अभिजीत सिंह पुत्र इन्द्रजीत व अक्षय पुत्र रणबीर ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकगण का प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय प्रांगण में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ निदेशिका मुकेश यादव, प्राचार्य डा. आरएन सिंह व उप-प्राचार्य राकेश कौशिक ने विजेता विद्यार्थियों व उनके अभिभावकगण को तिलक लगाकर, माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका सम्मान किया।
इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों व उनके अभिभावगणों को शुभकामनाएं प्रदान की और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर किया पौधरोपण

रेवाड़ी। शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती पर रेजांगला स्मृति स्थल पर पौधारोपण किया गया। इस मौके पर डा. जया शर्मा ने कहा भारत को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलवाने के लिए कई वीरों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। जो देश के इतिहास में हमेशा अजर अमर रहेगा। स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह ने हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। डा. आरके जांगड़ा ने कहा भारत के इस वीर सपूत ने दुनिया को क्रांति और शहादत की राह पर मुस्कुराते हुए स्वतंत्रता के गीत गाते हुए चलने की राह दिखाई। इस अवसर पर अनामिका, रेनू बाला, अर्चिता शर्मा, निधि शर्मा, सूर्यवर्धन सिंह, धैर्यवर्धन सिंह, डा. ममता शर्मा, इंदुबाला, विनय सिंह, राजकुमार, राजेश, अरुण, अमन, सतीश, सुशील शर्मा आदि उपस्थित थे।

जय जवान-जय किसान, जय विज्ञान-जय श्रीराम कार्यक्रम कल

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जय जवान-जय किसान, जय विज्ञान-जय श्रीराम कार्यक्रम का आयोजन एक अक्टूबर प्रातः 7 बजे पंजाबी धर्मशाला में किया जाएगा। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि विश्व हिंदु परिषद के जिला प्रधान राधेश्याम मित्तल मुख्यातिथि होंगे। प्रदेष कार्यकारिणी अध्यक्ष जय गऊ रक्षादल दक्षिणी हरियाणा शम्मी शर्मा विशिष्टातिथि रहेंगे। संस्था की ओर से विशेष उपलब्धियां हासिल करने वालों का अभिनंदन किया जायेगा।

टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के टीम का चयन एक अक्तूबर को

रेवाड़ी। जिले के कस्बा धारुहेड़ा स्थित ऋषि वर्ल्ड स्कूल में एक अक्टूबर को जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा। जिसमें अंडर-17 आयु वर्ग के रेवाड़ी जिले के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। जिला टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव गोविंद शर्मा ने बताया हरियाणा टेनिस बॉल क्रिकेट संघ द्वारा राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल समालखा, पानीपत में 7-8 अक्टूबर को किया जाएगा। जिसमें रेवाड़ी जिले की टीम भाग लेगी। जिले के टीम के खिलाडियों का चयन अनुपम शर्मा द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीम का चयन प्रात 9 बजे से किया जाएगा। खिलाडि ों को अपना जन्म प्रमाण पत्र या आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

सहकारिता मंत्री 1 को स्वास्थ्य जांच शिविर में होंगे मुख्य अतिथि

रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत पहली अक्टूबर को प्रातरू 10 बजे से कुंड मंडी बस स्टैंड स्थित लॉटस गार्डन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डाण् बनवारी लाल बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। यह जानकारी सहकारिता मंत्री के निजी सचिव ने दी। उन्होंने आमजन से आह्वाान किया कि वे स्वास्थ्य जांच शिविर में भागीदारी करते हुए स्वास्थ्य की जांच करवाकर शिविर का लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि इस कैंप में आने वाले सभी मरीजों की जांच विशेषज्ञों द्वारा निशुल्क की जाएगी।

सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि आज

रेवाड़ी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों और संस्थानों को वर्ष 2024 के सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि शनिवार 30 सितंबर है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के लिए सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए पात्र व्यक्ति एवं संस्थान ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।डीसी ने बताया कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में भारत में व्यक्तियों और संगठनों द्वारा दिए गए अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा को मान्यता देने तथा उन्हें सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार नामक एक वार्षिक पुरस्कार की स्थापना की है। इस पुरस्कार की घोषणा हर साल 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर की जाती है। इस पुरस्कार में चयनित संस्था को 51 लाख रुपये नगद और एक प्रमाण पत्र तथा व्यक्तिगत मामले में 5 लाख रुपये नगद और एक प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। पुरुस्कार के लिए केवल भारतीय नागरिक और भारतीय संस्थान ही आवेदन के पात्र होंगे। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी व आवेदन के लिए केंद्र सरकार की वेबसाइट अवार्डसडॉटजीओवीडॉटइन पर विजिट कर सकते हैं।

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन कृष्ण कुमार ने ली अधिकारियों की बैठक

कर्मचारियों के हितों की रक्षा लिए आयोग प्रतिबद्ध

सफाई कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखने की दिशा में उठाए जा रहे हैं सार्थक कदम

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रदेश के हर सफाई कर्मचारी के कल्याण के लिए राज्य में सफाई कर्मचारी आयोग का गठन किया गया है, जो सफाई कर्मचारियों के हितों की रक्षा व कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के हितों को सुरक्षित रखने के साथ ही उनके परिजनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं।चेयरमैन कृष्ण कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला के विभागीय अधिकारियों की बैठक में सफाई कर्मचारियों के हितों को मद्देनजर रखते हुए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक से पहले इंजीनियर कृष्ण कुमार ने जिला की सफाई कर्मचारी यूनियनों के प्रधान व पदाधिकारियों के साथ बाल भवन में बैठक कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन भी दिया।
लघु सचिवालय सभागार में आयोजित बैठक में चेयरमैन कृष्ण कुमार ने कहा कि संबंधित अधिकारी सफाई कर्मचारियों को जो भी समस्याएं या परेशानियां आती हैं उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान रखें।चेयरमैन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने.अपने विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का पूर्ण ब्यौरा जल्द से जल्द उपलब्ध करवाएं। बैठक में एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल, एएसपी धारणा यादव व एसडीएम होशियार सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नियमित कैंप लगाकर सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की करें जांच

चेयरमैन कृष्ण कुमार ने बैठक में सफाई कर्मचारियों के वेतन से लेकर पीएफए ईएसआईए सेफ्टी गार्ड किटए वर्दी भत्ता के अलावा चेंजिंग रूम के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के बच्चों के शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाने की दिशा में डाटा एकत्रित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी आवश्यक कदम उठाए और सफाई कर्मचारियों के बच्चों की शिक्षा पर विशेष फोकस रखें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी सफाई कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रत्येक छह माह के अंतराल में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कर सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की जांच की जाए। इन स्वास्थ्य जांच शिविरों के दौरान समाज कल्याण विभाग की ओर से सफाई कर्मचारियों के लिए क्रियान्वित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से समस्त सफाई कर्मियों को जागरूक करने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि वे प्रत्येक जिला में स्वयं सफाई कर्मचारियों के बीच जाकर उनसे परस्पर मिलकर उनके मनोबल को बढाने का कार्य करते हैं। इसके अतिरिक्त आयोग की ओर से सफाई कर्मियों के कल्याण व उनके बच्चों के उत्थान के लिए बनाए गए नियमों में इम्पलिमेंट करवाने के प्रयास किए जाते हैं। उन्होंने विभागों के अधिकारियों से संबंधित विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों का डाटा भेजने के लिए कहा ताकि इन सफाई कर्मियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत लिया जा सके।

सरकार व आयोग सफाई कर्मचारियों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने जिला के सफाई कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार व हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग सफाई कर्मचारियों के कल्याण एवं उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की ओर से सफाई कर्मचारियों की सुविधा व हितों को ध्यान में रखकर हरियाणा प्रदेश में अनेक योजनाएं लागू की गई हैंए जिनका सफाई कर्मचारियों को लाभ उठाना चाहिए। चेयरमैन कृष्ण कुमार शुक्रवार को शहर के बाल भवन में सफाई कर्मचारी यूनियनों के प्रतिनिधियों व सफाई कर्मचारियों की समस्याएं व शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने समस्याएं व शिकायतें सुनने उपरांत संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का समाधान करने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा ठेकेदारी प्रथा को समाप्त करने के उद्देश्य को लेकर हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन किया गया है। सर्वप्रथम पहले से ठेके पर कार्यरत कर्मचारियों को इसमें पंजीकृत किया गया है। इससे सफाई कर्मचारियों को एक ओर जहां ठेकेदारी प्रथा से मुक्ति मिली हैए वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों के लिए वेबसाइट को तैयार की गई हैए जिस पर सफाई कर्मचारी अपनी शिकायत को दर्ज करवा सकता है ताकि उसकी समस्या का समाधान जल्द किया जा सके। कृष्ण कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को प्रतिमाह वेतन का भुगतान सीधे उनके खातों में किया जा रहा है। सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों को ऑन रोल करनेए रिक्त पदों पर स्थाई भर्ती करनेए सफाई कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कराने सहित कर्मचारियों के कल्याण के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा सफाई कर्मचारियों का ईएसआई और पीएफ लागू किया गया है। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन कृष्ण कुमार का फूल मालाएं पहनाकर व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान ने चेयरमैन को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत करवाया तथा अपने मांगपत्र भी सौंपे।

चेयरमैन ने सुनी सफाई कर्मचारियों की समस्याएं व शिकायतें

कंपनीकर्मी महिला से छेड़छाड़ व दुष्कर्म

आरोपी को दो साल की कैद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। एक कंपनी में कार्य करने वाली महिला कर्मचारी के साथ छेड़छाड़ करने के आरोपी को दोषी करार देते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अदालत ने दो साल की कैद व 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने पर दोषी को चार माह की अतिरिक्त जेल की सजा भुगतनी होगी। जानकारी के अनुसार राजस्थान की रहने वाली एक महिला ने 16 फरवरी 2021 को महिला थाना रेवाड़ी में दी शिकायत में बताया कि वह बावल स्थित एक कंपनी में काम करती है। वहीं पर एचओडी की पोस्ट पर काम करने वाला यूपी के जिला गाजियाबाद के विवेकानंद नगर हाल निमाई फ्लेट भिवाड़ी निवासी रोहित 18 जनवरी 2021 को उसे झांसा देकर भिवाड़ी स्थित अपने फ्लैट पर ले गया और उसका हाथ पकड़ कर अश्लील बातें शुरू कर दी। आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे रेवाड़ी के अंबेडकर चौक पर छोड़ कर फरार हो गया। जिस पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण, छेड़छाड़ व दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अदालत में चालान पेश किया। पुलिस की ओर से आरोपी के खिलाफ साक्ष्य पेश किए गए और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए। जिस पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अदालत ने आरोपी रोहित को छेड़छाड़ का दोषी करार देते हुए दो साल की कैद व 30 हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। जुर्माना नहीं भरने की सूरत में चार माह की अतिरिक्त सजा का भी प्रावधान किया गया है।

रेवाड़ी व कोसली अनाज मंडी में सोमवार से सुचारू रूप से होगा फसल खरीद का कार्य

रेवाड़ी। एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह व एसडीएम कोसली जयप्रकाश ने संयुक्त रूप से बताया कि सोमवार 2 अक्टूबर से रेवाड़ी व कोसली स्थित नई अनाज मंडी में बाजरे सहित अन्य फसलों की खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अनाज मंडी में आने वाले किसानों को गेटपास जारी करते हुए उनकी फसलों की खरीददारी की जाएगी तथा जिला प्रशासन की ओर से मंडी में आने वाले किसानों को किसी भी रूप से परेशानी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे अनाज में व्यवस्था बनाने में प्रशासन व मार्केट कमेटी का सहयोग करें ताकि किसी प्रकार की परेशानी न आए। उन्होंने बताया कि रेवाड़ी व कोसली स्थित नई अनाज मंडी में जाम की स्थिति व अव्यवस्था से बचने तथा उठान कार्य में तेजी लाने के लिए शनिवार 30 सितंबर व रविवार 1 अक्टूबर को बाजरे सहित अन्य फसलों की खरीद का कार्य नहीं किया जाएगा।

देश-प्रदेश को स्वच्छता में नंबर वन बनाने का सपना जन भागीदारी से होगा साकार

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन इंजीनियर कृष्ण कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा राज्य को स्वच्छता के मामले में देश.प्रदेश को अग्रणी बनाने का जो सपना देखा वह सबकी जन भागीदारी से साकार होगा है। चेयरमैन कृष्ण कुमार शुक्रवार का स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान में भागीदारी करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक सामाजिक अभियान है। स्वच्छता अभियान को प्रभावशाली व असरदार बनाने के लिए टास्क फोर्स कमेटी के सभी सदस्यों को इसमें सहयोग व श्रमदान करना चाहिए। आमजन को चाहिए कि वे समय.समय पर विशेष सफाई अभियान चलाकर गली.मोहल्लों व आस.पास की साफ.सफाई करें और अन्य लोगों को भी स्वच्छता का संदेश दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में जन.जन को भागीदार बनाएं। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसडर प्रियंका यादव के नेतृत्व में शहर के नाईवाली चौक पर रंगकर्मी सतीश मस्तान के निर्देशन में शाकुंतलम संगीत व नाट्य संस्था के कलाकारों ने षारबेज फ्री इंडियाष् थीम पर आधारित नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजन को जागरूक करते हुए आमजन से स्वच्छता को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। चेयरमैन कृष्ण कुमार ने कहा कि नुक्कड़ नाटक की सराहना करते हुए कहा कि नुक्कड़ नाटक आमजन को जागरूक करने का बेहतरीन व सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि जिला में स्वच्छताग्राही तथा ब्रांड एंबेसडर अपनी जिम्मेदारियों निर्वहन पूरी निष्ठाए लग्न व ईमानदारी से करें और स्वच्छता अभियान बारे लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि हमें देश.प्रदेश को स्वच्छता के मामले में नंबर वन बनाकर एक मिसाल प्रस्तुत करनी है। ऐसे में हमें जिलों में कई ऐसे मॉडल गांव बनाने चाहिए जो अन्य गांवों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने।

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ने स्वच्छता अभियान में की भागीदारी

प्रॉपर्टी टैक्स में छूट पाने का आज अंतिम दिन

रेवाड़ी। प्रॉपर्टी टैक्स में छूट पाने का आज अंतिम दिन है। हरियाणा सरकार की ओर से 30 सितंबर तक प्रॉपर्टी टैक्स की पूर्ण अदायगी करने पर वर्ष 2023.24 के प्रॉपर्टी टैक्स में छूट दी जा रही है। जिन शहरी नागरिकों का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर सरकार की ओर से दिए जा रहे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकते हैं।
डीसी राहुल हुड्डा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके अलावा सरकार की ओर से प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित करने पर वर्ष वर्ष 2023.24 के प्रॉपर्टी टैक्स पर 15 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी डाटा में किसी भी प्रकार की त्रुटि के निवारण के लिए प्रॉपर्टी धारक पोर्टल पर स्वयं ही आवेदन कर त्रुटि दूर होने उपरांत प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित कर सकते हैं। डीसी ने कहा कि हरियाणा में प्रॉपर्टी टैक्स अब पूरी तरह स्ट्रीम लाइन हो चुका है। प्रॉपर्टी टैक्स की ब्याज राशि में छूट का लाभ अधिकतम प्रॉपर्टी धारक लोगों को मिले इसके लिए सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर प्रचार.प्रसार किया जा रहा है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अन्य नागरिकों को भी प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करें ताकि वे सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों की तरफ अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है वे जल्द से जल्द अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराकर योजना का लाभ उठाएं।

आज पूर्ण प्रॉपर्टी टैक्स भरकर व प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित कराकर प्रॉपर्टी टैक्स में पाएं छूट

इनसो ने विद्यार्थियों की समस्याओं को लेकर आईजीयु कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जननायक जनता पार्टी की छात्र इकाई इनसो ने मीरपुर स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय की समस्याओं को लेकर रजिस्ट्रार प्रमोद भारद्वाज को ज्ञापन सौपा।
इनसो के प्रदेश प्रभारी रवि मसीत ने बताया कि विश्वविद्यालय में काफी समस्याएं हैं। बसों की समस्याएं, गर्ल्स हॉस्टल में वाईफाई की समस्या, लाइब्रेरी में वाईफाई की समस्या, परीक्षा परिणाम में समस्या, छात्रों की जिम की समस्या समेत अनेकों परेशानियां हैं। जिनको लेकर रजिस्ट्रार ने जल्द ही समाधान कराने का आश्वासन दिया। इनसो छात्र नेता मनीष चौधरी ने बताया कि इनसो हमेशा छात्रों की हक की लड़ाई लड़ती आई है। विद्यार्थियों की मांगों को पूरा किया जाए। विद्यार्थियों को शिक्षा का अच्छा वातावरण मिलना चाहिए। इस मौके पर छात्र नेता नवीन, शिवराज, अमन व अश्वनी आदि उपस्थित रहे।

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा आज रेवाड़ी के ग्रामीणों से करेंगे जनसंवाद

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा शनिवार 30 सितंबर को रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के लगभग आधा दर्जन गांवों में ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा 30 सितंबर को सुबह 10 बजे गांव मसानी, सुबह 11.15 बजे हांसाका, दोपहर 12.30 बजे मीरपुर, दोपहर 2 बजे गोकलगढ़ तथा सायं 3 बजे किशनगढ़ में ग्रामीणों से सीधा संवाद करेंगे। परिवहन मंत्री इसके उपरांत सायं 4.30 बजे बस स्टैंड रेवाड़ी से हरियाणा राज्य परिवहन की नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

भावांतर योजना के तहत एमएसपी पर बाजरे की सरकारी खरीद साबित हो रही नौटंकी

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि भावांतर योजना के तहत बाजरे की न्यूनतम समर्थन मूल्य 2500 रूपये प्रति क्विंटल पर सरकारी खरीद एक नौटंकी साबित हो रही है। विद्रोही ने आरोप लगाया कि चंद किसानों का थोडा सा बाजरा भावांतर योजना के तहत 2200 रूपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जा रहा है। जिन किसानों को भावांतर योजना के तहत बाजरा खरीदने के गेट पास मंडियों में मिल रहे है, क्या तो उनका बाजरा गेट पास, टोकन होने पर खरीदा ही नही गया या खरीद नौटंकी करके नमी, गुणवत्ता आदि का बहाना बनाकर उनका बाजरा खरीदने से मना कर दिया। दक्षिणी हरियाणा के पूरे अहीरवाल क्षेत्र में बाजरा उत्पादक किसान को एमएसपी पर सरकारी खरीद के नाम से ठगा जा रहा है। कहीं किसान गेट पास, टोकन मिलने पर भी हैफेड द्वारा बाजरा न खरीदने पर प्रदर्शन कर रहे है। कहीं बाजरा खरीद शुरू करने के लिए प्रदर्शन कर रहे है। विद्रोही ने सवाल किया कि यह कैसी खरीद व्यवस्था है जहां गेट पास, टोकन मिलने पर भी बाजरा एमएसपी पर खरीदा नही जा रहा? कहीं गेट पास, टोकन नही दिये जा रहे है, कहीं खरीद खरीद के समय बाजरा गुणवत्ता के नाम पर रिजेक्ट किया जा रहा है तो कहीं बाजरा खरीद ही शुरू नही हुई है। बाजरा की सरकारी खरीद के नाम पर यह विरोधाभास अपने आप बता रहा है कि भाजपा सरकार बाजरा खरीद करने की बजाय खरीद नौटंकी करके किसान हितैषी होने का ढोंग करके किसानों को ठग रही है।

विवाहिता घर से गायब

निजामपुर। हरियाणा के नारनौल में थाना निजामपुर के अंतर्गत आने वाले एक गांव से एक विवाहित महिला गायब हो गई। महिला के पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी को राजस्थान के अलवर के रहने वाले तीन लोगों ने कहीं छुपा कर रखा हुआ है। निजामपुर थाना के अंतर्गत आने वाले गांव नांगल शालू के व्यक्ति ने पुलिस में शिकायत दी है कि उसकी पत्नी गत दिवस सुबह 9ः30 बजे दुकान पर जाने का नाम लेकर घर से गई थी। इस दौरान वह किसी कार्य के लिए मुंबई गया हुआ था। उसकी पत्नी जब शाम तक नहीं आई तो उसके पिता ने कई जगह पूछताछ की।

योजना जागरूकता मेलों से योग्य लाभपात्रों को किया जा रहा लाभान्वित

धारूहेड़ा में सभी वर्गों लिए लगाया जागरुकता मेला

132 लाभार्थियों ने उठाया मेले का लाभ

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए कृतसंकल्प है। विमुक्त घुमंतू व अन्य सभी वर्गों के लोगों को सरकार की जनहितकारी नीतियों व योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से रेवाड़ी जिला में जागरूकता मेलों का आयोजन कर योग्य लाभ पात्रों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को धारूहेड़ा खंड के बीडीपीओ कार्यालय में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर सभी वर्गों के पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से अवगत कराते हुए 132 लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान मौके पर ही लाभार्थियों के जरूरी दस्तावेजों को पूरा किया गया। डीसी ने मेलों के आयोजन के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे इन मेलों में विमुक्त घुमंतू जातियों तथा अन्य श्रेणी के आने वाले नागरिकों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिम्मेवारी का प्रभावी रूप से निर्वहन करें।

मेले में मौके पर ही पूरी की जा रहीं सभी औपचारिकताएं : एडीसी

एडीसी स्वप्रिल रविंद्र पाटिल ने बताया कि मेलों में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल पर लाभार्थियों के परिवार पहचान पत्रए राशन कार्डए पेंशनए आधार कार्डए वोटर कार्डए जाति प्रमाण पत्रए रिहायशी प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज व अन्य औपचारिकताएं पूर्ण करवाने की कार्यवाही मौके पर ही की जा रही है। इसके साथ ही लाभार्थियों को सरकार की विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं का लाभ लेने बारे भी जागरूक किया जा रहा है।

5 व 6 को बीडीपीओ बावल में होगा जागरूकता कैंप का आयोजन : डीडब्ल्यूओ

मेलों के नोडल अधिकारी एवं जिला कल्याण अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि गुरुवार 5 अक्टूबर को बीडीपीओ कार्यालय बावल मे विमुक्त घुमंतू श्रेणी व शुक्रवार 6 अक्टूबर को सभी वर्गों के लिए प्रातरू 10 बजे से लेकर सायं 4 बजे तक मेलों का आयोजन किया जाएगा।

चाकू की नोक पर दो लोगों से साढ़े आठ हजार लूटे

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। शुक्रवार अलसुबह बावल रोड़ स्थित मंडी में सब्जी खरीदने गए दो लोगों से बदमाशों ने चाकू के बल पर मारपीट कर साढे आठ हजार रुपये की नकदी लूट ली। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब चार बजे शहर रेवाड़ी निवासी गिरीश अपनी स्कूटी तथा बाबूलाल मोटरसाइकिल पर बावल रोड़ बिठवाना गांव स्थित मंडी में सब्जी खरीदने गए थे। दोनों आगे-पीछे चल रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो बदमाशों ने पहले पहले गिरीश की स्कूटी को रुकवाया तथा उसके बाद बाबूलाल को भी रोक लिया। बदमाशों ने दोनों की गर्दन पर चाकू लगा दिए। बदमाश चाकू के बल पर गिरीश से साढे तीन हजार तथा बाबूलाल से पांच हजार रुपये की नकदी लूट ली। बदमाशों ने दोनों के साथ मारपीट भी की और अंधेरा का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। दोनों पीड़ितों ने वारदात की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मॉडल टाउन थाना पुलिस के अलावा सीआईए-2 व सीआई-3 की टीमें भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ितों से पूछताछ करने के उपरांत इलाके की नाकाबंदी भी की, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लग पाया। पुलिस बावल रोड़ पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि बदमाशों का सुराग लगाया जा सके। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरु कर दी है।

खबर फटाफट

केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में कवि सम्मेलन आयोजित

नारनौल। केंद्रीय विद्यालय रघुनाथपुरा में 14 से 29 सितंबर तक मनाए जा रहे हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य ओम प्रकाश यादव ने बताया कि विद्यालय के हिंदी शिक्षक उमाशंकर पंवार बहुत ही समर्पित शिक्षक हैं, उनके द्वारा किया गया परिश्रम विद्यार्थियों की प्रस्तुति में झलक रहा था। उन्होंने बताया कि हिंदी शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रतिवर्ष अनेक गतिविधियां करवाते हैं। जिससे की राजभाषा में कार्य करने के लिए कर्मचारियों की रुचि बढे एवं हिंदी भाषा के प्रति सभी विद्यार्थी गर्व का अनुभव कर सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी के महान कवियों का रूप धारण करके उन्हीं की कविताओं को प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने मीरा, सुभद्रा कुमारी चौहान, निराला, रामधारी सिंह दिनकर, हरिवंश राय बच्चन, गोपाल दास नीरज एवं कवि पाश की कविताओं को मंच से प्रस्तुत किया। प्रत्येक कविता अलग-अलग भाव एवं रस पर आधारित थी, कुछ करुण रस की कविताओं ने श्रोताओं को भावविभोर किया वहीं वीर रस की कविताओं ने सभी को रोमांचित कर दिया। उन्होंने बताया कि कवियों के रूप में सौम्या, कुशान, रीवा, खुशीराम, सोमिल, खुशबू, लोकेश, चेतन और हेमंत ने प्रस्तुतियां दी।

स्पेशल अभियान के तहत पुलिस ने वाहनों के चालान किए

नारनौल। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने स्पेशल अभियान चलाया। पुलिस ने जिलेभर में अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए। यातायात थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सत्यनारायण ने बताया कि महेंद्रगढ़ एसपी नितिश अग्रवाल के दिशा निर्देश पर जिला पुलिस द्वारा पावर हॉर्न का प्रयोग करने और वाहन पर लाल-नीली लाइट/बत्ती लगाकर चलाने वालों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में एसएचओ ट्रैफिक पुलिस की टीम और जिले के सभी थानों की पुलिस टीमों ने स्पेशल अभियान के तहत यातायात नियमों की उल्लंघना करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर 100 से अधिक वाहन चालकों का चालान काटकर जुर्माना लगाया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें यातायात नियमों व सडे सुरक्षा के बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। परंतु कुछ चालक नियमों की अनदेखी करते हुए यातायात नियमों का पालन नहीं करते, इसलिए उनके खिलाफ समय-समय पर विशेष अभियान चलाकर जागरूक किया जाता है।

आज से एक अक्टूबर को मंडी में बाजरे की खरीद रहेगी बंद

नारनौल। नई अनाज मंडी नारनौल में 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को बाजरे की खरीद बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी मार्केट कमेटी ने बताया कि 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को खरीद किए गए बाजरे का उठान कार्य किया जाएगा। इसलिए 30 सितंबर व 1 अक्टूबर को कोई भी किसान नई अनाज मण्डी में बाजरे ना लेकर आएं।

बिहाली स्कूल में स्वच्छता अभियान के तहत की साफ सफाई

चंदपुरा। केंद्रीय संचार ब्यूरो भारत सरकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय नारनौल की ओर से आज स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिहाली में साफ सफाई की व

स्वच्छता की शपथ दिलवाई। इस मौके पर प्राचार्य सुनील कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता से ही हम स्वस्थ रह सकते हैं। हमें अपने देश को स्वच्छ रखने के सभी को अपना-अपना योगदान देना चाहिए।इस मौके पर लेक्चरर नरेश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों के बारे में बताया। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय नारनौल के क्षेत्रीय प्रवक्ता राजेश अरोड़ा ने बताया कि 1 अक्टूबर को प्रात- 10 बजे सभी लोग एक घंटा श्रमदान करके महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दें व देश के स्वच्छ होने में अपना-अपना योगदान करें। इस अवसर पर संतोष कुमार, दुष्यंत कुमार, महेंद्र, नरदीप, सुमित्रा, पूजा, नीलम सरिता, सुनीता, अमर सिंह, ठाकुर सिंह, रघुवीर सिंह, ओम प्रकाश मौजूद थे।

अटेली अनाज मंडी में शनिवार व रविवार की रहेगी छुट्टी

42 हजार क्विंटल बाजरे की हुई खरीद

भरोसा मित्र

मंडी अटेली। अटेली अनाज मंडी में बाजरा की खरीद जारी है। अब तक मंडी में 42 हजार क्विंटल के करीब बाजरा खरीद लिया गया। मंडी में अब भी कई किसान ऐसे है जिनका दो दिन से बाजरा खरीद नहीं किया गया। वह अटेली अनाज मंडी में रात व दिन रह रहा है। अटेली अनाज मंडी में भूखा प्यास किसान बाजरा की खरीद के इंतजार में रहता है जिससे बीमार हो जाता है। पिछली बार एक किसान की भूख व प्यास के कारण मौत हो गई थी। मंडी में एक साथ अधिक किसान आने से किसान का तीन दिन तक अनाज नहीं बिक पाता है। अपना अनाज बिक पाने के इंतजार में वह खाना भी समय पर नहीं खा पाता है। इस बार भी एक साथ अधिक किसान आने से दो दिन पहले आये हुए किसानों की आज खरीद हुई है। आज बाजरा लाने वाले किसानों का बाजरा नहीं खरीदा जा रहा है। मंडी में आया सभी बाजरा का उठान हो जाए तथा सभी किसान का बाजरा की

खरीद हो सके। इसके लिए दो दिन मंडी की छुट्टी रहेगी। शनिवार व रविवार को किसान मंडी में अपना अनाज नहीं लाये। किसान सोमवार को अपना अनाज मंडी में लेकर आये। खरीद अधिकारी हेफड़ प्रबंधक सतेन्द्र यादव ने बताया कि आज साम तक 42 हजार क्विंटल तक बाजरा की खरीद हो जाएगी। शनिवार को सभी किसानों का बाजरा खरीद लिया जाएगा। सचिव संजय कुमार ने बताया कि अटेली अनाज मंडी में शनिवार व रविवार को छुट्टी रहेगी। किसान सोमवार को अपना अनाज मंडी में लेकर आये।

मंडियों में बाजरे की सरकारी खरीद में हो रही अव्यवस्था को सुधारने की मांग

बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने कृषि मंत्री जयप्रकाश दलाल को ज्ञापन भेजकर मंडियों में बाजरे की सरकारी खरीद में हो रही अव्यवस्था को तत्काल सुधारने की मांग की है। अतरलाल ने कृषि मंत्री को भेजे ज्ञापन के बारे में जानकारी देते हुए अतरलाल ने कहा है कि जिला की मंडियों में बाजरा की आवक तेज हो गई है, परन्तु सरकारी खरीद व्यवस्था सुस्त व ठीक न होने के कारण जहां किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं रोड़ जाम होने के कारण आम नागरिकों को भी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। इसलिए बहुजन समाज पार्टी की राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से मांग है कि बाजरा की सरकारी खरीद प्रणाली में तत्काल सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला की मंडियां बाजरा से अटी पड़ी हैं परन्तु अव्यवस्थित खरीद और उठान में देरी के कारण किसानों को दो-दो दिन तक मंडियों में पड़ा रहना पड़ रहा है।

जिले में हर ऑटो पर होगा यूनिक नंबर

सभी ऑटो चालकों का यूनिक कोड लेना अनिवार्य

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जिले में चलने वाले ऑटो चालकों को अब ट्रैफिक पुलिस महेंद्रगढ़ द्वारा यूनिक नंबर दिए जाएंगे। इसके लिए सभी ऑटो चालक महाबीर चौक पर यातायात थाना प्रभारी को अपनी व ऑटो की जानकारी उपलब्ध करवाएं। यह यूनिक नंबर प्रत्येक ऑटो के लिए अनिवार्य है, बिना यूनिक नंबर के चलने वाले ऑटो पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पुलिस जिले में चल रही ऑटो पर पांच अंक का यूनिक कोड नंबर लिखेगी, जिसमें ऑटो चालक का नाम, मोबाइल नंबर, ऑटो का रजिस्ट्रेशन आदि का पूरा विवरण होगा। हर ऑटो के एक आगे, एक पीछे व

एक अंदर स्टीकर लगेगा। ऑटो का विशेष कोड नंबर मिलते ही पुलिस बिना समय गंवाए कार्रवाई कर सकेगी। डीएसपी ने ऑटो यूनियन के साथ मीटिंग कर योजना के बारे में समझाया और बताया कि यह यूनिक कोड लेना अनिवार्य है।

क्या कहते हैं एसपी नितिश अग्रवाल

एसपी नितिश अग्रवाल ने बताया कि जिले में काफी संख्या में ऑटो चलते हैं। महिलाएं व लड़कियां ऑटो में खासकर रात के समय सुरक्षित महसूस नहीं करती। सवारियों को ऑटो नम्बर याद नहीं रहता या ऑटो नम्बर ऐसी जगह पर होता, जो यात्री को दिखाई नहीं देता। ऐसे में पुलिस द्वारा ऑटो पर विशेष स्टीकर लगाए जायेंगे। स्टीकर पर पांच अंकों का यूनिक कोड होगा जो हर ऑटो का अलग नम्बर होगा। स्टीकर में ऑटो का रजिस्ट्रेशन नम्बर, चालक का नाम व फोटो भी होगा। एसपी ने बताया कि महेंद्रगढ़ पुलिस ने ऑटो चालकों का डाटा एकत्रित कर लिया है और यूनिक कोड लगाना शुरू कर दिया है। जिले में हर ऑटो पर विशेष नम्बर लगाया जायेगा। पुलिस द्वारा नवम्बर माह में चैकिंग अभियान चलाया जायेगा। चैकिंग के दौरान जिस भी ऑटो पर 5 अंक का विशेष नंबर नही होगा उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऑटो का पूर्ण विवरण एक्सल सीट में तैयार किया जाएगा। ऑटो में कोई भी घटना होती है तो यूनिक कोड नंबर बताते ही पूरा विवरण पुलिस के पास पहुंचेगा। समय रहते पुलिस कार्रवाई कर सकेगी।

गुरुग्राम के आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

नारनौल। गुरुग्राम के आयुक्त रमेश चंद्र बिढान ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार आगामी लोकसभा के आम चुनाव 2024 के मध्य नजर जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। श्री बिढान ने आज जिला के गांव मिर्जापुर, बाछौद, रघुनाथपुरा व हमीदपुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होंने शहर के मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौल में बने मतदान केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने इन सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार मूलभूत सुविधाओं के बारे में जांच की तथा संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग मतदाताओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसी बात के मध्य नजर रखते हुए उन्होंने वहां पर बने रैंप का भी निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी तथा भवन की मौजूदा स्थिति का भी जायजा लिया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम मनोज कुमार, निर्वाचन नायब तहसीलदार विनोद कुमार तथा संबंधित बीएलओ मौजूद थे।

बहन से मिलने आये तीन युवकों को बंधक बनाकर पीटा, मामला दर्ज

मंडी अटेली। गांव गढ़ी रूथल की विवाहिता की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों पर बंधक बनाकर मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। गढ़ी रूथल की विवाहिता कुसुम ने बताया कि मैरी चाची राजबाला से किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई। अचानक मेरी चाची की पुत्रवधु पूनम व मन्नू व उसका लडे । मोनू मेरे साथ मारपीट करने लगे। मोनू ने मेरे मुंह पर थप्पड़ मारा और बाल खींच लिए। जब मेरा पति अवाज सुनकर छुड़ाने आया तो मोनू ने मेरे पति के साथ भी मारपीट की। पड़ोसियों ने हमको छुड़ाया। चोट लगने से मै और मेरा पति अटेली हास्पिटल में इलाज करवाने आ गये। साम को मेरा भाई अमित, कमल व रविन्द्र मिलने के लिए आये तो मेरे भाई अमित को चाचा मुंशराम ने सर में डंडा मारा और मेरे भाई रविन्द्र व कमल को मदन, अंकित व सिवराज ने डंडो व लात घूसों से मार पीट की। उनको बंधक बना कर रखा और रस्सी से बांधा और मेरे भाई की ब्रेजा गाड़ी को अंकित, सिवराज, मोनू, राकेश ने मिलकर गाड़ी को लाठी डंडो से तोड़ दिया। टायरों को कुल्हाड़ी से काटा और गाड़ी में डंडे डाल दिए।

सांसद ने भालखी में जनसंवाद कार्यक्रम में सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जन-जन की आवाज बन चुका है जन संवाद कार्यक्रम : धर्मवीर सिंह

भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ भिवानी सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह शुक्रवार को भालखी ग्राम में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए। इससे पूर्व ग्रामीणों ने उनका गांव में पहुंचने पर स्वागत फूलमाला पहनाकर किया।

सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की सराहनीय पहल शुरू की गई है, जिसके चलते जन संवाद कार्यक्रम जन-जन की आवाज बन चुका है और यह जनसेवा की अहम कड़ी है।उन्होंने नागरिकों की परिवार पहचान पत्र, बिजली, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए

संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा के भोजावास मंडल अध्यक्ष मामन सिंह प्रधान,भालखी सरपंच योगेश यादव, राजकुमार यादव पंचायत समिति चैयरमैन सिहमा, कंवर सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन, भाजपा नेता अजीत सिंह कलवाड़ी, महेंद्र सिंह जेई, सुरेश कुमार, इंजीनियर अशोक यादव और कई विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत निकाली कलश यात्रा

नारनौल। नेहरू युवा केंद्र नारनौल के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश-माटी को नमन- वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत नारनौल शहर में जेबिजे इंस्टिट्यूट के सहयोग से कलश यात्रा निकालकर कलश में मिट्टी व चावल एकत्रित किए।नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी नित्यानंद यादव ने बताया कि उपायुक्त मोनिका गुप्ता के निर्देशन में नेहरू युवा केंद्र से जुड़े युवा एवं स्वयंसेवक अपने-अपने स्तर पर अलग-अलग गांव में पंचायत, समाज सेवी संस्थाओं, युवा युवा क्लबों के सहयोग से इस अमृत कलश यात्रा का आयोजन कर रहे हैं जिसका एकमात्र उद्देश्य है समूचे भारतवर्ष के प्रत्येक गांव से मिट्टी को एकत्रित करके अक्टूबर माह के अंत में माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में करते हुए पथ पर अमृत वाटिका का निर्माण करते हुए युवाओं को अपनी संस्कृति से जोडना है। इस मौके पर जेबिजे इंस्टिट्यूट के निदेशक रतन सिंह ने बताया कि मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा शहीदों के सम्मान में की गई एक अनूठी पहल है। इसके तहत पूरे देश भर से मिट्टी इकठ्ठी की जाएगी। तत्पश्चात इसी मिट्टी से दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास 7500 अमृत कलश से एक अमृत वाटिका का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर नेहरू युवा केंद्र से लेखाकार महेन्द्र सिंह, योगेश जांगिड़, विक्रम, पवन एवं अन्य लोग मौजूद थे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

वन स्टॉप सेंटर ने चलाया स्वच्छता अभियान

प्रतिदिन साफ करना चाहिए घर के आसपास का कचरा: वंदना यादव

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। जिला में चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत वन स्टॉप सेंटर की ओर से आज मोहल्ला चांदूवाड़ा में स्वच्छता अभियान चला कर साफ सफाई की। इस मौके पर वन स्टॉप सेंटर प्रशासक वंदना यादव ने उपस्थित लोगों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर साफ सफाई की तथा लोगों को अपने आसपास साफ सफाई रखने के बारे में जागरूक किया। उन्होंने कहा कि अपने आसपास जो भी कचरा रहता है उसे हमें प्रतिदिन साफ करना चाहिए। अगर हम अपने आसपास के क्षेत्र की प्रतिदिन सफाई करेंगे तो हमारे आसपास कचरा एकत्रित ही नहीं होगा, अगर कचरा एकत्रित नहीं होगा तो बीमारियां फैलने की संभावना भी बहुत कम होगी। उन्होंने

उपस्थित लोगों से कहा कि हमें कभी भी यह नहीं सोचना चाहिए कि हमारा पड़ोसी अपने आसपास का कचरा नहीं उठा रहे तो हम भी नहीं उठाएंगे। हमें प्रतिदिन कचरा उठाना चाहिए इससे पड़ोसी भी प्रेरित होकर एक दिन अपने आसपास का कचरा उठाएगा। जब देश का हर एक व्यक्ति अपने आसपास की सफाई करने की जिम्मेवारी लेगा तभी एक दिन स्वच्छ भारत बनेगा। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर से आईटी प्रोफेशनल भावना शर्मा, रेनू, भूपेंद्र, पुलिस कांस्टेबल संजू यादव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व अन्य मोहल्लावासी मौजूद थे।

रोटरी केयर्स फोर यू मुहिम के तहत छात्राओं को स्वच्छता किट किए वितरित

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब बेलाज की ओर से शुक्रवार को मौहल्ला चौधरियान स्थित हरियाणा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रोटरी केयर्स फोर यू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट इंचार्ज पूर्व प्रधान हितेन्द्र शर्मा व बेलाज की पूर्व प्रधान संगीता शर्मा के मार्गदर्शन में विद्यालय के अनेक बच्चों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान रोटरी क्लब नारनौल के प्रधान नरेश गोगिया ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ गुडगांव कॉस्मोपोलिटन एवं रोटरी क्लब गुरूग्राम के सहयोग से रोटरी क्लब नारनौल व बेलाज द्वारा स्वच्छता जागरूकता की मुहीम चलाई जा रही है।

जिसके अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में छात्राओं को स्वच्छता व हाईजीन किट वितरित किए जाएंगे। ताकि विद्यालय में पढने वाले छोटे बच्चे अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें और स्वच्छता का विशेष ख्याल रखें। बेलाज क्लब की प्रधान सारिका गर्ग ने विद्यालय की छात्राओं को जानकारी देते हुए कहा कि बढती उम्र के साथ बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य एवं साफ सफाई के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने की आवश्यकता होती है। इसके लिए सैनेटरी पैड

जैसे उत्पादों का प्रयोग करना अपने शरीर व स्वास्थ्य के लिए अति आवश्यक है। अंत में असिस्टेंट गर्वनर संजय गर्ग ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों व विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नरेश गोगिया, विनोद चौधरी, विनय मित्तल, राजकुमार यादव, प्रवीण संघी, संजय गर्ग, हितेन्द्र शर्मा, विजय जिंदल, डा. एमएम रावत, एडवोकेट दिनेश सांखला, प्रवीण छाबडा, दिनेश भार्गव, पवन यादव, सारिका गर्ग, रेखा रावत, गीता गोयल, संगीता शर्मा, सुचेता गोगिया, प्रियंका संघी, निर्मल जिंदल, रेणु सांखला व मुकेश कुमारी आदि उपस्थित रहे।

योजना

ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से असंगठित श्रमिकों को दिया जा रहा विभिन्न योजनाओं का लाभ

दावों के निपटान के लिए डीसी मोनिका गुप्ता ने किया समिति का गठन

प्रवासी कामगारों, सन्निर्माण कामगारों, गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों आदि असंगठित कामगारों का बनाया जा रहा राष्ट्रीय डेटाबेस

इन्द्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। असंगठित श्रमिकों को सरकार द्वारा ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से आकस्मिक जोखिम कवर करने सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाता है। इसके लिए लाभार्थी का ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण होना जरूरी है। इस योजना के पात्र ई-श्रम पंजीकरण के लिए अनुग्रह भुगतान के दावों के निपटान के लिए जिला में विभिन्न अधिकारियों की एक समिति का गठन किया गया है।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देश अनुसार जिला महेंद्रगढ़ में इस

कमेटी का गठन कर दिया गया है। वे खुद इस कमेटी के अध्यक्ष के तौर पर कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त इस कमेटी के सदस्य सचिव होंगे जबकि पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित श्रम निरीक्षक समिति के सदस्य होंगे। वहीं सहायक श्रम आयुक्त, रेवाडी को जिला महेंद्रगढ़ के लिए पात्र ई-श्रम पंजीकरण के लिए अनुग्रह भुगतान के लिए स्वीकार किए गए दावे के निपटान और आवेदनों के सत्यापन के लिए नामांकित अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) शुरू की गई है। 31 मार्च, 2022 को या उससे पहले ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के लिए ऐसे आकस्मिक दावों के निपटान के लिए ई-श्रम पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों के लिए दुर्घटना दावों के लिए दिशानिर्देश जारी हो चुके है। उन्होंने बताया कि श्रम और रोजगार मंत्रालय ने असंगठित कामगारों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस बनाने के लिए ई-श्रम पोर्टल विकसित किया है। यह प्रवासी कामगारों, सन्निर्माण कामगारों, गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों आदि असंगठित कामगारों का ऐसा पहला राष्ट्रीय डेटाबेस है।

ई-श्रम कार्ड के लिए कैसे करें रजिस्ट्रेशन

ई-श्रम पोर्टल पर आप सेल्फ रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। सबसे पहले ई-श्रम पोर्टल पर जाएं और इसके बाद रजिस्ट्रेशन ऑन ई-श्रम विकल्प पर क्लिक करें। अब आपको मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा और ओटीपी आने पर इसे भरना होगा। इसके बाद ई-श्रम फॉर्म को भरकर सबमिट कर दें। एक बार फॉर्म सबमिट हो जाने के बाद आपका रजिस्ट्रेशन पूरा हो जाएगा और आप इसे कुछ दिन में डाउनलोड कर सकते हैं।

रजिस्ट्रेशन कराने के लिए इन दस्तावेजों की होगी जरुरत

अगर आप ई-श्रम कार्ड के लिए रजिस्ट्रेशन करने जा रहे हैं, तो आपके पास आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो, आय प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक आदि दस्तावेजों की आवश्यकता होती है।

ये हैं ई-श्रम योजना के फायदे

ई-श्रम पोर्टल का उद्देश्य सभी मजदूरों और किसानों को एक ही प्लेटफॉर्म पर सरकारी योजनाओं का लाभ देना है। इस योजना के तहत सरकार दुर्घटना पर 2 लाख रुपये बीमा देती है। साथ ही कुछ मजदूरों को किस्त के रूप में आर्थिक सहायता भी दी जाती है।

हकेवि में दस दिवसीय रचना पोस्टर प्रदर्शनी का समापन

भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ में राजभाषा अनुभाग के तत्वावधान में हिंदी पत्रकारिता एवं साहित्य के उन्नायक बालमुकुंद गुप्त के रचना-कर्म पर आधारित दस दिवसीय रचना पोस्टर प्रदर्शनी का समापन दिनांक 27 सितंबर को सफलतापूर्वक हो गया। ज्ञातव्य है कि बालमुकुंद गुप्त पर केंद्रित इस प्रदर्शनी का उद्घाटन बालमुकुन्द गुप्त की पुण्य तिथि (18 सितंबर) पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर द्वारा किया गया था। प्रदर्शनी में प्रदर्शित सभी पोस्टर हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर अमित मनोज द्वारा तैयार किए गए थे। इन पोस्टरों में बालमुकुंद गुप्त के जीवन एवं सृजन के साथ उनकी कविताओं, संपादकीयों, निबंधों, बाल-कविताओं एवं पत्रों आदि का कलात्मक एवं सुरुचिपूर्ण ढंग से चित्रण किया गया था। प्रदर्शनी को विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षणेतर सहकर्मियों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के साथ विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए हुए गाँवों के स्कूलों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा देखा व सराहा गया। अनेक आगंतुक प्रदर्शनी के माध्यम से पहली बार बालमुकुंद गुप्त के लेखन सरोकारों और उनके

शिल्प सौंदर्य से परिचित हुए। विश्वविद्यालय की सम-कुलपति प्रो. सुषमा यादव ने भी प्रदर्शनी का दौरा किया। प्रो. सुषमा यादव ने कहा कि बालमुकुंद गुप्त जैसे रचनाकार पर इस प्रकार की प्रदर्शनी विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों के लिए लाभदायक है। इस प्रकार के आयोजन से हम न केवल अपने लेखकों को याद करते हैं, अपितु उनके लेखन से हम निरंतर समृद्ध होते हैं. प्रदर्शनी के बारे में अमित मनोज ने बताया कि बालमुकुन्द गुप्त हिंदी गद्य के निर्माता रचनाकारों में से एक हैं। प्राय- वे 'शिवशम्भु के चिट्ठे' के रचनाकार के रूप में अधिक जाने जाते हैं, लेकिन वे उतने ही बेहतर कवि व बाल-कवि भी हैं। इस अवसर पर प्रो. सुरेन्द्र सिंह, प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. नन्द किशोर, डा. देवेन्द्र सिंह राजपूत, डा. सिद्धार्थ शंकर राय, अमित यादव, हिंदी अधिकारी शैलेंद्र सिंह एवं अन्य शिक्षणगण, हिंदी पखवाड़ा आयोजन समिति के सदस्य, विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता, प्रतिभागी व शोधार्थी-विद्यार्थी उपस्थित रहे।

खबर फटाफट

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने दिया खिलाड़ियों को भरपूर सम्मान: ठाकुर राजाराम

फरीदाबाद। पैरा विश्व विश्व शुटिंग चैंपियनशिप में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले मनीश नरवाल व शिवा नरवाल का लोगों ने स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ठाकुर राजाराम ने कहा कि दोनों ने बेटों ने दिलबाग नरवाल का नाम पूरे भारत में रोशन किया है दोनों ही बहुत बधाई के पात्र हैं। उन्होंने इस अवसर पर दिलबाग नरवाल को उनके घर जाकर बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने खिलाडि ों के लिए तीन प्रतिशत कोटा निर्धारित किया। उन्होंने अपने कार्यकाल में डीएसपी जैसे बड़े पदों पर खिलाडि ों को नौकरियां देकर उनका सम्मान बढाया। उन्होंने कहा कि जल्द हरियाणा में पुन भूपेन्द्र सिंह हुडडा की सरकार बनेगी और खिलाडि ों को मान सम्मान दिया जाएगा।

रविंद्र फागना अकादमी पाली ने वर्षा अकादमी को 227 रन से हराया

फरीदाबाद। रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड भूमि पाली फ़रीदाबाद पर खेला गया और यह मैच रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली और वर्षा क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। इस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने वर्षा क्रिकेट अकादमी को 227 रन से हराया , यह मैच 40 ओवर का था और वर्षा क्रिकेट अकादमी ने पहले टॉस जीतकर फील्डिंग करने का निर्णय लिया। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 312 रन का लक्ष्य दिया । रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से बल्लेबाजी करते हुए 14 वर्षीय रोबिन बावा ने 152 गेंदों पर 30 चौकों की मदद से 201 रन, ध्रुव रावत ने 17 गेंदों पर 4 चौकों और 1 छक्के की मदद से 30 रन बनाए। वर्षा क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमन्त गोतवाल और नमन कुशवाहा ने 2/2 विकेट, आदित्य मिश्रा ने 1 विकेट हासिल किया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए वर्षा क्रिकेट अकादमी ने 31.1 ओवर में 10 विकेट खोकर 85 रन बनाकर हार गई। वर्षा क्रिकेट अकादमी की ओर से आदित्य मिश्रा ने 74 गेंदों पर 3 चौको की मदद से 36 रन बनाए। रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की ओर से गेंदबाजी करते हुए साहिल कुंडू ने 6.1 ओवर में 2 मैडेन, 11 रन देकर 4 विकेट, जतिन अग्रवाल ने 6 ओवर में 1 मैडेन, 17 रन देकर 3 विकेट, पर्णव ने 6 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट, अभिषेक चौहान ने 1 विकेट हासिल किए। इस मैच का मैन ऑफ द मैच रोबिन बावा को घोषित किया गया।

डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा

फरीदाबाद। जिले में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को डेंगू के तीन नए मामलों की पुष्टि की है। इन मामलों के आने के बाद अब इस वर्ष कुल मामलों की संख्या 108 हो गई है। इनमें एक मरीज 15, दूसरा 23 तथा तीसरा 36 वर्ष का है। डेंगू के बढ़ते मामलों को गंभीरता से लेते हुए अब स्वास्थ्य विभाग और नगर निगम ने मिल कर डेंगू नियंत्रण अभियान चलाने की शुरुआत की है। जिन क्षेत्रों में डेंगू के मामले अधिक आ रहे हैं। वहां फागिंग शुरू कर दी गई है। जगह-जगह जमा पानी में एंटी लार्वा एक्टिविटी भी चल रही है।

बिजली कर्मचारियों ने की गेट मीटिंग का आयोजन

फरीदाबाद। बिजली मंत्री और निगम मैनेजमेंट के

अडियल रवैए व 16 सूत्रीय मांग पत्र की मांगों का समाधान नहीं करने के विरोध में शुक्रवार को बिजली कर्मचारियों ने ऑल हरियाणा पॉवर कारपोरेशनज़ वर्कर यूनियन के तत्वाधान में सभी सब डिवीजन पर विरोध गेट मीटिंग का आयोजन किया। गेट मीटिंग में बिजली कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए यूनियन के राज्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद गनी ने कहा कि दिनांक 28 सितंबर को आल हरियाणा पावर कॉरपोरेशनज वर्कर यूनियन की मीटिंग बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के साथ हरियाणा निवास चण्डीगढ़ में हुई। लगभग दो घंटे तक चली बैठक में यूनियन ने अपनी मंत्री स्तर की सभी 16 मांगों पर विस्तार से बात रखी। जिसमें बिजली विभाग को बचाने, कर्मचारियों व जनता से जुडी अति गंभीर मांगें मंत्री व मैनेजमेंट के सामने रखी। यूनियन ने कच्चे कर्मचारियों को कौशल रोजगार निगम से बाहर रखने, ईएसआई सेवा से बाहर होने पर उसके परिवार को स्वास्थ्य सुविधा देने, वेतन भत्ते पक्के कर्मचारियों के समान देने, एक्सग्रेसिया लाभ देने, एक्स ग्रेसिया रोजगार स्कीम में पहले 5 वर्ष व अंतिम 6 वर्ष की शर्त को हटाने, एक्सग्रेसिया नौकरी के लिए योग्यता हरियाणा सरकार के बराबर करने, बिजली दुर्घटनाओं को शुन्य पर लाने,वर्क लोड के अनुसार कम से कम 70 हजार नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने, ट्रांसफार्मर रिपेयर सहित सभी कार्य निगम द्वारा करवाने, एनपीएस में रिटायर होने वाले कर्मचारियों को मेडिकल सुविधा देने, ड्राइंग सैक्शन सहित किसी भी कैडर को डिमिनिशिंग कैडर में ना डालने, निम्न पदों पर कार्यरत उच्च योग्यता वाले कर्मचारियों की एकमुश्त प्रमोशन करने, एक शिफ्ट में कम से कम दो कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित करने, ट्रांसफर पॉलिसी को रद्द करने, महिला कर्मचारियों के लिए रैस्टरुम, क्रैच व शौचालय की अलग से व्यवस्था करने, कर्मचारियों के भत्ते बढ़ाने, बोनस देने और बिजली युनिट में छुट बढ़ाने आदि मांगों को जोरदार तरीके से मंत्री जी के सामने रखा।

कर्मचारियों की क्रमिक भूख हड़ताल का पांचवां दिन

उल्टी झाड़ू लेकर शहरभर में किया प्रदर्शन

सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर जमकर निकाली भड़ास

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने पिछले पांच दिनों से चल रही राज्यव्यापी क्रमिक भूख हड़ताल की आज विधिवत घोषणा करते हुए दावा किया कि 15 अक्टूबर की रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली पूर्व में सभी रेलिया के रिकॉर्ड करेगी ध्वस्त सरकार ने 14 अक्टूबर तक कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो रैली के मंच से संघ करेगा निर्णायक आंदोलन की घोषणा। यह दावा नगर निगम मुख्यालय पर कर्मचारी की सभा को संबोधित करते हुए शास्त्री ने किया । नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के आवाहन पर सरकार की हठधर्मिता, वायदा खिलाफी के खिलाफ शहर के मुख्य बाजारों में उल्टी झाड़ू और काले झंडो के साथ बी के चौक से नीलम चौक तक आक्रोश प्रदर्शन भी किया। गौर तलब है कि नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा लगातार आंदोलन व हड़ताल कर रहा है। आंदोलन के दबाव में सरकार ने पालिका कर्मचारियों से 29 अक्टूबर 2022 व 5 अप्रैल 2023 को दो दौर की वार्ताएं की है, इन वार्ताओं में कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने का प्रथा समाप्त करने अग्निशमन विभाग को शहरिस्तान में निकाय विभाग में पुन- शामिल करने 1327 ड्राइवर में फायरमैनो को सृजित पदों पर समायोजित करने सहित अन्य दर्जनों मांगों पर सहमति बनी थी लेकिन सरकार लगातार पालिका कर्मचारी व अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों के साथ वायदा खिलाफी कर रही है। इसलिए पूरे प्रदेश में पालिका, परिषद, निगम व अग्निशमन कर्मचारी 25 सितंबर से पांच दिनों के लिए 29 सितंबर तक क्रमिक भूख हड़ताल पर है। आज की क्रमिक भूख हड़ताल की अध्यक्षता नगर निगम सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरु चरण सिंह खांडिया ने की मंच का संचालन जिला कार्यकारी प्रधान सुरेश कुमार ने किया। नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री, संघ के राज्य सचिव अनूप वाल्मीकि, जिला ऑडिटर परस राम अधाना, उपप्रधान कमलव महिला सब कमेटी की नेता सुरेश, ललिता तथा जिला प्रधान दलीप बोहत,जिला कोषाध्यक्ष अनिल चण्डालिया भी शामिल रहे। शास्त्री ने कहा कि जब तक हरियाणा सरकार छटनी ग्रस्त कर्मचारियों को ड्यूटी पर वापस लेकर विभाग के रोल पर नहीं करेगी, समान काम समान वेतन नहीं दिया जाएगा तथा सभी अनुबंध दैनिक वेतन भोगी व पार्ट 2 तथा अन्य कच्चे कर्मचारियों को एक कलम से पक्का करने ,अग्निशमन विभाग को शहरी स्थानीय निकाय विभाग में शामिल करने, 1327 ड्राइवर व फायरमैनो को सृजित पदों पर समायोजित करने, सफाई, सीवर पार्क, सिविल वर्क, वाटर सप्लाई, इलेक्ट्रिकल कार्य तथा अन्य कामों में दिए गए सभी प्रकार के ठेको , मैनपॉवर, वर्कआउट सोर्स, डोर टू डोर, आरपीएफ स्टैंडर्ड, ऑपरेशनल मेंटेनेंस के ठेकों को समाप्त कर ठेकेदारी में लगे कर्मचारियों को रोल पर करने, जोखिम भत्ता 5 हजार रुपये देने, सफाई, सीवर ,ग्रुप सी व डी के कर्मचारीयो की वेतन विसंगतियां दूर करने व आदि मांगो का सरकार निपटा नहीं करेगी तब तक प्रदेश में आंदोलन जारी रहेगा। आज के कार्यक्रम में अन्य के अलावा कुर्मी नेता कृष्ण शहाबुद्दीन राम रतन कर्दम महेश शर्मा अजय शास्त्री शिवकुमार रघुवीर दर्शन सोया महेंद्र शक्ति सिंह श्रीपाल मौर्य देवेंद्र मझौली संजय की कमलेश सत्तो ज्ञानो देवी आदि शामिल थे।

सफाई कर्मचारीयों को ठेकेदारों का गुलाम बना रही सरकार : नरेश शास्त्री

नगरपालिका कर्मचारी संघ ,हरियाणा के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारीयों को ठेकेदारों का गुलाम बनाने का काम कर रही है। प्रदेश भर में लगभग 4000 से अधिक सफाई कर्मचारीयो तथा ग्रुप डी ग्रुप सी अग्निशमन के कर्मचारियों की छटनी कर दी गई है। इनमे नगर निगम गुरुग्राम के 3480 सफाई कर्मचारी शामिल हैं । श्री शास्त्री ने बताया कि गुरुग्राम के हजारों कर्मचारी 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली कर्मचारी आक्रोश रैली में गुरुग्राम से रोहतक तक पैदल यात्रा कर गांव-गांव शहर-शहर में सरकार के कर्मचारी दलित विरोधी चेहरे को बेनकाब करते हुए शामिल होंगे।

केंद्रीय राज्य मंत्री बोले, औद्योगिक नगरी फरीदाबाद पुन: बनेगी

औद्योगिक और व्यापार के क्षेत्र में प्रदेश नम्बर वन : कृष्णपाल

कहा, शहर की क्नैक्टीविटी उद्योग और व्यापार में दिन दोगुनी और रात चौगुनी उन्नति करती है

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा हरियाणा व्यापार मंडल फरीदाबाद द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन में पहुंचे। जहां व्यापारियों ने मंत्रियों का जोरदार स्वागत किया। भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि उद्योगिक नगरी फरीदाबाद पुन- प्रदेश में उद्योगिक और व्यापार के क्षेत्र में प्रदेश नम्बर वन बनाने जा रहा है। शहर की क्नैक्टीविटी विकास की धुरी होती है।क्नैक्टीविटी से ही उद्योग और व्यापार में दिन दोगुनी और रात चौगुनी उन्नति करती है। अब फरीदाबाद से जयपुर से सिर्फ 2 घंटे में पहुंचा जा सकता है। रणथंभौर का सफर साथ तीन घंटे में पूरा किया जा सकता है। अगले 6 महीने में एक नया हाईवे रोड शुरू हो जाएगा जिससे मेरठ एक घंटा और गाजियाबाद 40 मिनट में फरीदाबाद से पहुंचा जा सकेगा और यह आने वाले समय में देहरादून से जोड़ी जाएगा। ताकि फरीदाबाद से देहरादून का सफर मात्र तीन घंटे में पूरा किया जा सके। इस तरह दिल्ली वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे से जेवर एयरपोर्ट के लिए नए रोड का कार्य शुरू हो चूका है। जिससे आप मात्र आधे घंटे में जेवर एयरपोर्ट पहुंच सके। बडे ल चौक से जो सड़क अम्मा हॉस्पिटल जा रही है। वही सडे आगे नोएडा और गाजियाबाद तक जोड़ी जाएगी। ताकि नेट और गाजियाबाद 20 मिनट में पहुंचा जा सके। इस मौके पर विधायक श्रीमती सीमा त्रिखा, जिला अध्यक्ष भाजपा गोपाल शर्मा, हरियाणा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विजय गुप्ता और फरीदाबाद से व्यापार मंडल के प्रधान श्री राम जुनेजा सहित हरियाणा व्यापार मंडल फरीदाबाद की सभी शाखाओं के प्रधान भी मौजूद रहे। व्यापारियों ने सम्मेलन में रखी अपनी समस्याएं,केंद्रीय राज्यमंत्री गुर्जर और परिवहन मंत्री शर्मा ने व्यापारियों को दिया आश्वासन कहा रखी गई मांगों पर उच्चाधिकारियों से साथ बात कर समाधान निकाला जाएगा।

आप नेता बोले, सीवर के पानी में युवक की मौत के जिम्मेदार एमसीएफ अधिकारी

इन अधिकारियों पर हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए : धर्मवीर भड़ाना

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। भ्रष्टाचार और नरक सिटी कहे जाने वाले फरीदाबाद में अब आम जनता बेमौत मरने लगी है । इसका जीता जागता उदाहरण है एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के भड़ाना चौक के पास कई वर्ष से भारी सीवर के पानी में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई । इस मौत के जिम्मेदार फरीदाबाद के नगर निगम अधिकारी हैं जिन पर तुरंत मामला दर्ज किया जाना चाहिए । यह कहना है आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना का जिन्होंने कहा कि लगभग दो हफ्ते पहले इसी समस्या को लेकर आम आदमी पार्टी ने वहां धरना प्रदर्शन किया था और सडे पर जमा सीवर का गंदा पानी हटाने की मांग की थी लेकिन नगर निगम के अधिकारी सोते रहे और शुक्रवार को यहां एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई ।धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि जहां पर युवक की मौत हुई वहां कई वर्ष से सडे पर 2 से 3 फीट तक सीवर का पानी भरा रहता है । पास में ही प्रिंस स्कूल है जिसमें लगभग 2000 बच्चे पढ़ते हैं और इन बच्चों की जान भी खतरे में है । सीवर के इस पानी में अब तक लगभग आधा दर्जन बेजुबानों की मौत हो चुकी है । सड़क के किनारे जो बिजली के खंभे लगे पड़े हैं उनके तार भी खुले हुए हैं और आए दिन यहां बड़े हादसे होते रहते हैं और अब एक युवक की जान चली गई ।उन्होंने कहा कि फरीदाबाद में नगर निगम के अधिकारी सिर्फ लूट खसोट में व्यस्त हैं । नगर निगम का सालाना बजट 2000 करोड़ से ज्यादा है । यह पैसा आपस में मिलाकर नगर निगम के अधिकारी खा जा रहे हैं इसलिए जगह-जगह सीवर का पानी भरा हुआ है और सीवर की ढक्कन ने भी खुली हुई है । दोनों नेताओं को जनता का दुख दर्द नहीं दिख रहा है । विधायक को सर्वश्रेष्ठ विधायक का खिताब देकर सरकार ने मुंह बंद करवा दिया है । उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी क्षेत्र की जनता के साथ है और इस युवक के परिजनों को भी इंसाफ हर हालत में दिलवाएगी ।

एनआईटी विधानसभा को लूटने में लगे हैं विधायक

धर्मवीर भड़ाना ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र का हाल सबसे ज्यादा खराब है । जहां की सैकड़ो गलियों में सीवर का पानी भरा हुआ है और सड पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं और आए दिन लोग घायल होते रहते हैं । उन्होंने कहा कि इस युवक की मौत का कारण नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही है और लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाना चाहिए । उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र को पहले पूर्व विधायक ने दोनों हाथों से लूट और अब वर्तमान विधायक यही कर रहे हैं ।

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक अक्टूबर को एक दिन एक घंटा श्रमदान के लिए जरूर निकलें : विक्रम सिंह

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के समापन पर रविवार एक अक्टूबर को प्रत्येक व्यक्ति, संगठन, आरडब्ल्यूए, औद्योगिक एसोसिएशन व अन्य सभी जिला वासियों को एक घंटा श्रमदान के लिए अवश्य निकालना है। प्रात- 10 से 11 बजे तक अपने-अपने क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़े। उपायुक्त विक्रम सिंह शुक्रवार को सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में जिला के सभी शिक्षण संस्थानों, औद्योगिक एसोसिएशन, आरडब्ल्यूए व अन्य संगठनों की मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि इस दिन राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री मनोहर लाल फरीदाबाद से स्वयं इस अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके लिए अब सेक्टर-9 मार्केट को कार्यक्रम स्थल के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती की पूर्व संध्या पर एक अक्टूबर को देशभर में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के इस समापन पर तहत जिला में सभी विभागों, संगठनों, ग्राम पंचायतों द्वारा श्रमदान व स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक घंटा स्वच्छता के लिए श्रमदान थीम पर नागरिक श्रमदान करें और सभी नागरिक अपने श्रमदान को स्वच्छता ही सेवा डॉट कॉम पोर्टल पर अपडेट भी अवश्य करें। उन्होंने आगे बताया कि कार्यक्रम का संचालन करने के लिए नगर निगम स्तर पर व ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम का कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। जिसके अन्तर्गत खण्ड स्तर पर संबंधित खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा कार्यक्रम कॉर्डिनेटर के रूप में संबंधित ग्राम सचिव, जेई पंचायती राज, संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच व ग्राम सचिव द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।

एक को होगा पन्ना प्रमुख सम्मेलन : नरेंद्र गुप्ता

मुख्यमंत्री मनोहर लाल करेंगे संबोधित, हजारों की संख्या में लोग करेंगे शिरकत

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र का पन्ना प्रमुख सम्मेलन 1 अक्टूबर को सेक्टर-12 टाउन पार्क के गेट नंबर 2 के सामने आयोजित किया जा रहा है जिसमें मुख्यमंत्री मनोहर लाल बतौर मुख्य अतिथि भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाने उपस्थित होंगे। उक्त वाक्य फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में मीडिया को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस मौके पर उनके साथ वरिष्ठ उद्योगपति व समाजसेवी बीआर भाटिया, सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन की सबसे छोटी इकाई है और चुनावों में भी इस इकाई का बहुत अहम रोल होता है। ऐसे में पन्ना प्रमुखों के सम्मान में और उनमें उत्साह का संचार करने के उद्देश्य से पन्ना प्रमुख सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि इस मौके पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़ भी मौजूद रहेंगे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि सुबह साढ़े 8 बजे से 9 बजे तक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया रहेगी तथा उसके बाद सुबह 9 बजे से 10 बजे तक सभी कार्यकर्ताओं के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई है तथा 10 बजे मुख्यमंत्री मनोहर लाल पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पहुंचकर उनमें उत्साह का संचार करेंगे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हमेशा उनकी विधानसभा में विकास के लिए कभी कोई कमी नहीं छोड़ी है और निश्चित रूप से मुख्यमंत्री के आगमन के बाद विकास को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्यों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी और कहा कि वे स्थाई विकास में विश्वास रखते हैं और जिस नीति और नीयत से वे विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य करवा रहे हैं।

बैठक राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने की समीक्षा बैठक

सदस्यों ने विभाग वार ली अधिकारियों से बारीकी से जानकारी

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य एससीपीसीआर गणेश कुमार और सदस्य एससीपीसीआर सुमन देवी ने आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हाल में जिला के सभी स्टॉक होल्डर की बच्चों के सर्वांगीण विकास कार्यों के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सर्वप्रथम बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों का परिचय लिया और अपना परिचय देते हुए राज्य बाल संरक्षण आयोग के मुख्य बिंदुओं को विस्तार से बताया। समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, पुलिस, उद्योग, सीडब्ल्यूसी, जेजेबी, आरडब्ल्यूए, बाल देखभाल संस्थानों, अवलोकन गृह, स्थान सहित विभिन्न विभागों के साथ हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एचएससीपीसीआर) द्वारा बाल अधिकारों की सुरक्षा पर जिला स्तरीय हितधारकों को महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला बाल संरक्षण अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी के सहयोग से जीरो से 18 वर्ष तक आयु के बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था बारे मंत्रणा भी की गई।उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को एक साथ मिलकर बच्चों की सुरक्षा एवं कल्याण के लिये दिशा-निर्देश दिए।

ये रहे मौजूद

इस दौरान पीओ आईसीडीएस डॉक्टर मंजू श्योराण, डीसीपीओ गरिमा सिंह तोमर, जिला बाल कल्याण अधिकारी एसएल खत्री, उप जिला शिक्षा अधिकारी सतीश चन्द्र, बाल संरक्षण कौसंलर अपर्णा, महिला पुलिस निरीक्षक गीता देवी, युद्धवीर सामाजिक कार्यकर्ता डीसीपीयू सहित अन्य अधिकारी और एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

समीक्षा बैठक में इन अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए

सदस्य राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग/ एससीपीसीआर गणेश कुमार और सुमन देवी सदस्य एससीपीसीआर ने स्वास्थ्य सम्बंधित डॉ महेंद्र गोयल से पॉक्सो एक्ट अंतर्गत आने वाले बच्चों की समस्याओं पर गंभीरता के चिकित्सीय रिपोर्ट जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के दिशा निर्देश दिए। वहीं लेबर विभाग से उपस्थित हुए अधिकारी से पूछा की चाइल्ड लेबर के कितने मुकदमे दर्ज किये गए है उन पर क्या कार्यवाही अमल मे लायी गई समीक्षा बारीकी से की। बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन श्री पाल कहराना से पूछा जिला में बच्चों से सम्बंधित किस किस प्रकार के केस आते हैं। हर महीने में कितने केस आ जाते हैं बारे विस्तार से चर्चा की।

बीजेपी युवा मोर्चा 2 अक्टूबर को चलाएगा मेगा स्वच्छता अभियान : सिंगला

सात्विक देव, भरोसा मित्र

भाजपा युवा मोर्चा ने लगाया हेल्थ चेकअप शिविर

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के तहत भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा फरीदाबाद के एनआईटी विधानसभा स्थित के डी पब्लिक स्कूल, संजय कॉलोनी में हेल्थ चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संयोजन युवा मोर्चा के सचिव आदेश यादव ने किया, जबकि अध्यक्षता पंकज सिंगला ने की। शिविर में लगभग 1000 लोगों के स्वास्थ की जांच की गई। जिसमें दिल से संबंधित बीमारियों, आंख, कान, बीपी, शुगर आदि की जांच की गई। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि युवा मोर्चा बडखल विधानसभा, बल्लभगढ़ विधानसभा, एनआईटी विधानसभा, पृथला विधानसभा में 6 रक्तदान शिविर आयोजित कर चुके हैं, जिसमें जिसमें कुल मिलाकर 367 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष पंकज सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव को सेवा पखवाड़ा के तौर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा अभी 6 स्वास्थ कैम्प आयोजित कर चुका है। इसके बाद 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के उपलक्ष्य में बीजेपी युवा मोर्चा द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत मंडल स्तर पर मेगा स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। फरीदाबाद में रक्तदान शिविर में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नागेंद्र भड़ाना, मंडल अध्यक्ष कविंदर फागना, जिला महामंत्री गोल्डी अरोड़ा, के अलावा सभी मंडलों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी मौजूद रहे। सिंगला ने सभी से आवाह्न किया कि अधिक से अधिक संख्या में आगे आकर सेवा पखवाड़ा का हिस्सा बनें।

खबर फटाफट

ट्रेन में चढ़ते वक्त फिसला पैर, छात्रा की मौत

सोनीपत: यहां रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार सुबह ट्रेन में चढ़ते पैर फिसलने से एक छात्रा की मौत हो गई। बताया गया कि वह दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा थी और रोजाना ट्रेन से ही वह दिल्ली जाती थी।सुबह भी वह ट्रेन में सवार होने के लिए चढ़ रही थी कि उसका पैर फिसल गया। पैर फिसलने से वह ट्रेन के नीचे आ गई और अपनी जान गंवा बैठी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

युवक की कार से टक्कर मार कर की हत्या

कैथल : कार से टक्कर मार कर एक युवक की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने गांव बात्ता निवासी दीपक कुमार की शिकायत पर गांव के ही नकुल, योगेश, अजय, हनी और निशांत राणा के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है। बताया गया कि गत26 सितंबर को नकुल और शक्ति के बीच झगड़ा हुआ था और इस झगड़े में नकुल की शिकायत पर कलायत थाना में मारपीट का केस दर्ज करवाया था। गत 28 सितंबर की शाम को अवतार उर्फ साहिल और अवतार का दोस्त शक्ति अलग-अलग बाइक पर गांव में जा रहे थे। दोनों के पीछे आरोपितों ने अपनी कार को लगाया हुआ था। आरोपितों के पास डंडे और लाठियां भी थी। आरोपितों ने अवतार और शक्ति को मारने के लिए उनकी बाइक को टक्कर मारना शुरू कर दिया। शक्ति एक गली से बाइक भगाकर ले गया और अवतार की बाइक को पीछे से टक्कर लग गई। हादसे में अवतार गंभीर रूप से घायल हो गया था।बाद में उसकी मौत हो गई।

चोरी का आरोप लगने पर सिक्योरिटी गार्ड ने दी जान

यमुनानगर: पर्स चोरी का आरोप लगाकर मारपीट करने से आहत होकर फैक्टरी के प्रमोद नामक सिक्योरिटी गार्ड ने जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली।पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया गया कि गार्ड ने फैक्टरी में शराब पी रहे कर्मचारियों की वीडियो बनाई थी। नाराज होकर उन कर्मियों द्वारा उस पर पर्स चोरी करने का झूठा आरोप लगाकर उसे मारा। पुलिस ने मामले में फैक्टरी मालकिन, उसके बेटे, मैनेजर व चार कर्मचारियों पर मारपीट व आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया है। पोस्टमार्टम कार्रवाई के दौरान मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रमोद ने आत्महत्या नहीं की, उसकी हत्या हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर उन्होंने रोष जताया और जल्द गिरफ्तारी न होने पर धरना देने की चेतावनी दी।पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की वजह का पता चलेगा।

नगरपरिषद में सफाई कर्मचारी सड़क पर उतरे

सोहना: नगरपरिषद में कार्यरत सफाई व दमकल कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर लगातार 5वें दिन शुक्रवार को भी नारेबाजी करते हुए सड़क पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन करने के बाद वे भूख हड़ताल पर बैठ गए। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी वह हड़ताल पर रहेंगे। हड़ताली सफाई कर्मचारियों ने साफ कहा कि जब तक उनकी लंबे अर्से से अटकी मांगें पूरी नहीं होगी, वह चुप नही बैठेंगे। इसके बाद भी यदि प्रदेश सरकार ने उनकी मांगों पर विचार नहीं किया तो हड़ताल को अनिश्चितकालीन हड़ताल में बदलने में देरी नही लगेगी। सफाई कर्मचारियों की मांग है कि सफाई कर्मचारियों, सीवरमैनों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ठेके की बजाय नियमित नौकरी पर रखा जाए। समान काम-समान वेतन दिया जाए। कोरोना महामारी के दौरान शहादत देने वाले कर्मचारियों के परिजनों को प्रति परिवार पचास लाख रुपए मुआवजा दिया जाए।

हृदयाघात से बचने के लिए जीवनशैली में लाएं बदलाव : डा. यादव

सोहना: शहर के वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर में शुक्रवार को विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में हृदय रोगियों को जागरूक बनाने के लिए एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जागरूकता शिविर में वरदान अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर निर्देशक व वरिष्ठ चिकित्सक प्रवीण यादव ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में हृदय रोगियों की तादाद में तेजी से इजाफा हुआ है। सिर्फ फिट दिखने या जिम जाने वाले लोगों की दिल की सेहत भी दुरस्त हो, ऐसा जरूरी नही है। जीवन शैली जनित विकार, शारीरिक गतिविधियों का अभाव, तनावपूर्ण जीवन, नींद की कमी, शराब का सेवन, धूम्रपान और ज्यादा सपलीमेंट का सेवन हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। इसके अलावा मधुमेह, कोलेस्टरोल, मोटापा, बीपी का ज्यादा होना हार्ट अटैक का कारण बनता है।

नाबालिग बेटी को बेचने पर पिता को 10 और खरीदार को 20 साल की कैद

रोहतक: जिले की एक अदालत ने एक लाख रुपये में अपनी नाबालिग बेटी को शादी के नाम पर बेचने के दोषी पिता को 10 साल व खरीदने वाले युवक को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ में पिता पर दो व युवक पर चार हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। पिता यूपी के बुलंदशहर के नजदीक के क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि युवक रोहतक जिले के गांव सैमाण पुठ्ठी का निवासी है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक चाइल्ड हेप्ललाइन को अप्रैल 2021 में सूचना मिली कि सैमाण पुठ्ठी गांव निवासी अमित एक 15 साल की किशोरी को शादी करके लाया है। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की चेयरमैन आशा रानी की अध्यक्षता में किशोरी की काउंसिलिंग की गई।काउंसिलिंग के दौरान 15 साल की किशोरी ने बताया कि वह यूपी के बुलंदशहर के नजदीक की रहने वाली है। उसके पिता शराब पीने के आदी हैं, जबकि मां मानसिक तौर पर बीमार रहती है। उसका पिता डॉक्टर के पास जाने की कहकर उसे सोनीपत जिले के खरखौदा कस्बे में ले आया।

बाल छोटे करवाने का पहले दिया था अल्टीमेटम, पर नहीं माने

जब प्रधानाचार्य ने स्कूल में करवा दिया 30 छात्रों का मुंडन

अनुशासनहीनता बरतने पर उठाया यह कदम

भरोसा मित्र

पानीपत। सरकारी स्कूल में अनुशासन बनाने के मकसद से पानीपत जिले के मतलौडा ब्लॉक के एक गांव के सरकार स्कूल में प्रधानाचार्य ने दसवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों को बाल छोटे करवाने का अल्टीमेटम दिया था, जिस पर ज्यादातर बच्चों ने बाल छोटे करवा लिये, लेकिन तीस छात्र ऐसे रहे जिन्होंने अनुशासनहीनता करते हुए बाल नहीं कटवाए। इसलिए प्रधानाचार्य ने स्कूल में नाई को बुलाकर उनके बाल कटवा दिये। प्रधानाचार्य के इस कदम को छात्रों के अभिभावकों ने भी सराहाया है।

इस सरकारी स्कूल में इस अजीबोगरीब घटना की चर्चाओं के बाद प्रधानाचार्य ने तर्क दिया कि दसवी से बारहवीं तक की कक्ष के अधिकतर छात्र स्टाइलिस्ट बाल बढ़ाए हुए थे और उनके सिर के बालों में जुएं भी थी। स्कूल के अनुशासन बनाए रखने के प्रयास के बीच कुछ छात्रों को स्कूल परिसर में नशा करते हुए भी पकड़ा गया था। स्कूल के अनुशासन के लिए प्रधानाचार्य ने इन कक्षाओं के छात्रों के अभिभावकों को भी उनके बाल छोटे करवाने के लिए सूचना दी गई थी।

उन्होंने कहा था कि सभी छात्रों को दस दिन में अपने सिर के बाद बहुत छोटे करने को कहा गया है। ज्यादातर छात्रों ने इस आदेश का पालन किया, लेकिन समयावधि पूरी होने के बाद तीस छात्र ऐसे रहे जिन्होंने अपने बाल लंबे और स्टालिस्ट अवस्था में रखे।

इस अनुशासन का उल्लंघन करने के लिए उन्होंने उनके अभिभावकों को सूचना देते हुए उन्हें सजा के रुप में उनका मुंडन कराने का फैसला किया। बताया गया कि प्रधानाचार्य ने स्कूल में ही नाई को बुलाकर 30 छात्रों के बाल कटवाने की घटना को अंजाम दिया।

परिजनों ने कहा वेल डन सर !

स्कूल के अनुशासन और छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को लेकर प्रधानाचार्य की ऐसी सख्ती की छात्रों के अभिभावकों ने भी सराहना की है। क्योंकि इन कक्षाओं के छात्र अलग अलग हेयर स्टाइल बनाकर कक्षा में आते थे, जिससे स्कूल का अनुशासन प्रभावित हो रहा था। प्रधानाचार्य ने इसके लिए सभी छात्रों के बच्चों को उनके लंबे और स्टाइलिस्ट बालों को छोटा करवाने के लिए सूचना दी, लेकिन शायद उन्होंने अपने अभिभावकों के कहने के बावजूद बालों को स्टाइल नहीं बदला। इसलिए प्रधानाचार्य ने हिदायतों के बावजूद छात्रों द्वारा आदेश का पालन न करने की सजा उनका मुंडन करवाकर दी है, जिसकी गांव में सराहना की जा रही है।

उत्तर रेलवे ने 177 ट्रेनों को किया रद्द

अंबला: पंजाब के किसानों के रेल रोको आंदोलन को देखते हुएउत्तर रेलवे ने पंजाब, हरियाणा व हिमाचल की तरफ संचालित होने वाली 177 ट्रेनों को रद्द करने के आदेश जारी कर दिए। इसमें अंबाला मंडल से निकलने वाली 85 ट्रेनें भी शामिल रहीं। वहीं रेलवे ने 59 ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द करके दोबारा चलाया।

इसी प्रकार 27 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाकर गंतव्य स्टेशन तक भेजा। वहीं अंबाला चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी प्रभावित रहा।यह शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा, इससे हजारों यात्री परेशान रहे।अंबाला पंजाब के बॉर्डर के क्षेत्र में पंजाब की तरफ किसान अंबाला चंडीगढ़ मार्ग पर बैठ गए। जिससे सुबह 10 बजे के बाद से लोगों को पहले तो घंटों जाम में फंसा रहना पड़ा। इसके बाद अंबाला में भी लोगों को वैकल्पिक मार्गों से भेजने के लिए ट्रेफिक डायवर्ट करना पड़ा।

अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि ट्रेनों के रद्द होने के कारण यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए लगातार उद्घोषणा प्रणाली का इस्तेमाल किया जा रहा है। वहीं स्टेशन मास्टर सहित अधीक्षक व वाणिज्य कर्मचारियों को भी यात्रियों की मदद करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

आंदोलन के दूसरे दिन शुक्रवार को भी अंबाला कैंट स्टेशन से निकलने वाली 16 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया और 10 ट्रेनों को बदले मार्ग से चलाया गया।न नंबर 22429 दिल्ली-पठानकोट को लुधियाना स्टेशन पर रद्द किया गया।

बीस हजार की रिश्वत लेते सब इंस्पेक्टर को एसीबी ने रंगे हाथों किया काबू

थाने में गुरुग्राम एसीबी की रेड़ से मचा हडक़ंप, आरोपी एसआई को अपने साथ ले गई टीम

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। मारपीट के एक मामले में बड़ी धारा नहीं लगाने व आरोपी से मारपीट नहीं करने की ऐवज में 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हरियाणा पुलिस के रामपुरा थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) गुरुग्राम की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसआई को थाने से गिरफ्तार कर एसीबी की टीम अपने साथ ले गई। आरोपी को कल अदालत में पेश किया जाएगा।

रेवाड़ी के रामपुरा थाना में कुछ दिन पूर्व गांव हुसैनपुर स्थित एक होटल के संचालक के साथ मारपीट तथा रंगदारी मांगने का मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में पुलिस ने गांव नारायणपुर के एक युवक को भी नामजद करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। आरोपी युवक का पिता रामपुरा थाना में अपने बेटे के बचाव को लेकर जुट गया। रामपुरा थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर लालचंद ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ बड़ी धाराएं नहीं जोडऩे तथा उसके साथ मारपीट नहीं करने की ऐवज में उसके पिता से 50 हजार रुपये की मांग की।

युवक के पिता ने मामले की सूचना एंटी करप्शन ब्यूरो गुरुग्राम की इस टीम ने शिकायतकर्ता के साथ मिलकर आरोपी एसआई को दबोचने के लिए योजना तैयार की। शिकायतकर्ता ने आरोपी सब इंस्पेक्टर से संपर्क साधा। एसआई ने 20 हजार रुपये लेकर उसे रामपुरा थाना में ही बुला लिया।

एसीबी की टीम ने शिकायतकर्ता को 20 हजार रुपये की नकदी देकर थाने में भेज दिया। जैसे ही एसआई लालचंद ने रिश्वत के 20 हजार रुपये पकड़े तो इशारा मिलते ही एसीबी की टीम ने थाने में पहुंचकर आरोपी एसआई को रिश्वत के रुपयों के साथ रंगे हाथों दबोच लिया। थाने में इंटी करप्शन ब्यूरो टीम की रेड से थाना परिसर में हडक़ंप मच गया। कुछ जरुरी कार्यवाही मौके पर ही करने के उपरांत एसीबी की टीम आरोपी को अपने साथ लेकर रेवाड़ी स्थित एसीबी कार्यालय पहुंची। आरोपी के खिलाफ 7 पीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को शनिवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

जीवन का शतक पूरा करने वाले व्यक्ति होते हैं भाग्यशाली : हुड्डा

कांग्रेस जिला अध्यक्ष के. एल. यादव की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने अन्य वरिष्ठ नेता भी पहुंचे

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष अधिवक्ता केएल यादव की माता रामप्यारी देवी के निधन पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित अनेक पूर्वमंत्री, विधायक, कांग्रेस नेताओं ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सृष्टि का नियम है कि जिसने इस संसार में जन्म लिया है, उसे प्रभू के चरणों में एक दिन जाना होता है।

उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि आज ऐसे बहुत कम लोग हैं, जो अपने जीवनकाल में न केवल बेहतर कार्य करते हैं, बल्कि अपने परिवार व समाज को साथ लेकर चलने के अलावा स्व.रामप्यारी ने अपने जीवन के शतक के करीब पहुंचकर परिजनों को हमेशा आशीर्वाद दिया।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष केएल यादव ने बताया कि उनकी माता को श्रद्धांजलि देने के लिए कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, पूर्व सांसद चौधरी धर्मपाल सिंह मलिक, पूर्वमंत्री राव नरवीर सिंह, राव दान सिंह, कैप्टन अजय यादव, जगदीश यादव, सुखबीर कटारिया, पूर्व विधायक रणधीर सिंह, दिल्ली ओबीसी कमीशन के चेयरमैन जगदीश यादव, दिल्ली के पूर्व विधायक कमल सिंह यादव, पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता, सेवानिवृत कमिश्नर नरेंद्र यादव, मुख्यमंत्री के ओएसडी जवाहर यादव, सेवानिवृत्त एडीजीपी सुभाष यादव, रेवाड़ी जिला परिषद के पूर्व चेयरमैन सतीश यादव, सेवानिवृत्त एसपी महाराज सिंह के अलावा शहर की सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी ने स्व. रामप्यारी के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

पानीपत के मतलौडा थाना क्षेत्र में हुई थी हत्या व दुष्कर्म की वारदात

पुलिस को नहीं मिला कोई सुराग

दुष्कर्मियों को पकड़ने के लिए लगातार दे रही दबिश, हरियाणा में 30 टीमों ने दिन-रात एक किया

भरोसा मित्र

पानीपत। मतलौडा थाना क्षेत्र में मछली फार्म में महिला की हत्या और डेरे पर तीन महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म की वारदात के आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस के लिए चुनौती बन गई है। वह लगातार तीन राज्यों में दबिश दे रही है, लेकिन अब तक उसे कामयाबी नहीं मिली है। बता दें कि वारदात नौ दिन पहले हुई थी, इसकी गुत्थी उलझती ही जा रही है। अंदेश जताया गया है कि आरोपी वारदात के बाद उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब या फिर मध्य प्रदेश भाग गए हैं। सीआइए की दो टीमें, एसटीएफ की एक टीम उत्तर प्रदेश के बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, शामली, राजस्थान के कई जिलों में गई हुई हैं। साथ ही,हरियाणा में 30 टीमें, जींद, रोहतक व आसपास जिलों की टीमों सहित करीब 250 पुलिसकर्मी डेरे के आसपास के गांवों के चार संदिग्ध युवकों की तलाश में दबिश दे रहे हैं। 3500 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है। पुलिस के हाथ अब तक खाली बताए जा रहे हैं।

गौरतलब है कि गत 20 सितंबर की रात को यह वारदात हुई थी। पुलिस का मानना है कि उस समय डेरे व उसके आसपास के नजदीक के गांवों में करीब 550 मोबाइल फोन एक्टिव थे। वह इन्हीं मोबाइल फोन की काल डिटेल खंगाल कर चार बदमाशों का पता लगा रही है। 250 काल डिटेल खंगाली गई है, लेकिन अहम सुराग नहीं मिले हैं। पुलिस स्थानीय बदमाशों की कुंडली खंगालने में जुटी हुई है ताकि कहीं से कोई सूत्र उसके हाथ लग जाए।

वारदात के बाद जांच करने पहुंची पुलिस ने कहा था कि पीड़ित महिलाओं व पुरुषों ने आरोपियों का जो हुलिया बताया है उसके आधार पर तीन बदमाशों के स्कैच बनवाए जाएंगे। अब तक इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि करीब ढाई साल पहले उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ऐसी ही वारदात हुई थी। अनुमान है कि उन्हीं बदमाशों ने मछली फार्म व डेरे पर वारदात को अंजाम तो नहीं दिया। उसने उत्तर प्रदेश पुलिस से भी भी सहयोग करने का अनुरोध किया है।

हरियाणा में आएंगी सिक्कम कॉडर की आईएस परी बिश्नोई

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सिक्कम कॉडर की आईएएस परी बिश्नोई को हरियाणा कॉडर दिए जाने को लेकर एनओसी जारी कर दी है। अब परी बिश्नोई हरियाणा में शिफ्ट होंगी। परी बिश्नोई आदमपुर से विधायक भव्य बिश्नोई की मंगेतर हैं। हालही में दोनों की सगाई हुई है।

परी बिश्नोई 2020 बैच की आईएएस हैं। यूपीएससी की परीक्षा में उनका देश में 30वां स्थान आया था। परी बिश्नोई वर्तमान में सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं।

परी बिश्नोई का जन्म राजस्थान के बीकानेर जिले के गांव काकड़ा में हुआ। परी की मां सुशीला विश्नोई वर्तमान में जीआरपी में एक पुलिस अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वहीं उनके पिता मनीराम बिश्नोई वकील हैं।

परी बिश्नोई ने केंद्र सरकार में आवेदन किया था कि वह अपने माता-पिता की देखभाल करना चाहती हैं, इसलिए उन्हें सिक्किम कैडर से हरियाणा कैडर में बदल दिया जाए। केंद्र सरकार ने हरियाणा सरकार इसके लिए एनओसी मांगी थी।

परी बिश्नोई की एनओसी को मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलने के बाद अब इसे केंद्र को भेज दिया जाएगा, जिसके बाद उनका सिक्किम कैडर बदलकर हरियाणा कैडर हो जाएगा।

जींद में युवक की चाकू से गोदकर हत्या

जींद: नरवाना क्षेत्र के गांव उझाना के एक युवक की गांव गुरथली के दो युवकों ने रंजिश के चलते चाकू से गोदकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को सिरसा ब्रांच नहर में फेंक दिया। इस बात का खुलासा तब हुआ जब एक आरोपी को पकड़कर पुलिस ने पूछताछ की। पुलिस ने शव की तलाश शुरू कर दी है। नहर से मृतक की बाइक तो मिल गई लेकिन शव की तलाश जारी है।

सदर थाना प्रभारी आत्माराम ने बताया कि गांव उझाना निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को शिकायत देकर कहा कि गांव गुरथली निवासी गुरदास व सतनाम ने उसके भाई 21 वर्षीय अजय की हत्या कर दी है।

उन्होंने बताया कि पहले तो पुलिस को यकीन नहीं हुआ। इसके बाद पुलिस ने आरोपी गुरदास ने चाकू से गोदकर अजय की हत्या की बात कबूल की।

जेल में हवालाती बंदी ने बैरक इंचार्ज को मारे थप्पड़

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

भरोसा मित्र

करनाल। जिला कारागार में बंद एक हवालाती बंदी द्वारा बैरक इंचार्ज पर थप्पड़ बरसाने और उसे जान से मारने की धमकी दी गई। इंचार्ज ने इसकी लिखित शिकायत जिला कारागार के उप-अधीक्षक कार्यालय को दी है।

उप-अधीक्षक ने बैरक इंचार्ज की शिकायत के आधार पर हवालाती बंदी की शिकायत जिला कारागार से संबंधित थाने में दर्ज करवा दी है। मामले की जांच शुरू हो गई है।

जिला कारागार की उप-अधीक्षक शैलाक्षी भारद्वाज ने रामनगर थाने में दर्ज कराई शिकायत में बताया कि 28 सितंबर को जिला जेल करनाल की बैरक नंबर एक-ए में बंद हवालाती बंदी संटी ने उसी बैरक में बंद हवालाती बंदी श्रवण के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान जब बैरक इंचार्ज ने बैरक में जाकर उनके बीच झगड़ा रूकवाने का प्रयास किया तो उनमें से एक हवालाती बंदी संटी ने दूसरे बंदी के साथ लड़ाई छोड़ बैरक इंचार्ज पर थप्पड़ बरसाने शुरू दिए। फिर उसे जान से मारने की धमकी दी। बैरक इंचार्ज ने लिखित में शिकायत जिला कारागार कार्यालय में दर्ज करवाई है। जिसके बाद जिला कारागार की उप-अधीक्षक ने रामनगर थाना उक्त हवालाती बंदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।बताया गया कि अब आगामी कार्रवाई संबंधित थाने की पुलिस करेगी। इस संबंध में रामनगर के थाना प्रभारी जसविंद्र सिंह ने बताया कि जिला कारागार की उप-अधीक्षक की ओर से हवालाती बंदी द्वारा बैरक इंचार्ज के साथ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

धर्म-कर्म | तालाबों पर पंडितों ने करवाया तर्पण

इस बार 16 नहीं,15 दिन के होंगे श्राद्ध

इस बार श्राद्ध पक्ष 12 से 15 दिन देरी से आए हैं, इसका कारण 2 सावन यानि अधिकमास होना है

भरोसा मित्र

गुरुग्राम। श्राद्ध पक्ष की शुरुआत शुक्रवार से हो गई है। इस बार 16 दिन के श्राद्ध 15 ही दिन होंगे। पंडितों और ज्योतिष विशेषज्ञों के अनुसार तिथियों के भग्तभोग्य होने के कारण और पंचांग में पूर्णिमा से एकादशी की तिथी तक घड़ियों में काफी अंतर बताया गया है।

पंडितों के अनुसार पूर्णिमा और प्रथमा का श्राद्ध एक ही दिन होगा। इस कारण द्वितीया तिथि भी अधूरी और तृतीया तिथि भी अधूरी ही मानी गई है। साथ ही, 9 अक्टूबर को एकादशी और 11 अक्टूबर को द्वादशी के श्राद्ध के बाद आगे की तिथियां बराबर रहेगी। सर्व पितृ अमावस्या का श्राद्ध 14 को होगा। श्राद्ध पक्ष में गाय, श्वान और कौवों को भी भोग लगाने का महत्व है।

10 को नहीं होगा कोई श्राद्ध

ज्योतिषाचार्य रमेश भोजराज द्विवेदी ने बताया कि निर्णय सिंधु के अनुसार श्राद्ध मध्यान्ह व्यापिनी तिथि को ही किया जाता है। आगामी 10 तारीख को व्यापिनी तिथि का अभाव है। इसीलिए उस दिन कोई श्राद्ध नहीं होगा। इस बार श्राद्ध पक्ष 12 से 15 दिन देरी से आए हैं, इसका कारण 2 सावन यानि अधिकमास होना है। आमतौर पर सितंबर में श्राद्ध पक्ष का समापन हो जाता है।

शुरू हुआ तालाबों में तर्पण

श्राद्ध पक्ष के दौरान पितरों पितरों को याद करते हुए तर्पण करने के लिए शहर के अनेक तालाबों पर पंडित तर्पण करवाते हैं। पदम सागर तालाब पर पंडित ओम श्री राम की ओर से शुक्रवार सुबह से ही तर्पण शुरू हुआ। भूतेश्वर मंदिर, मिनका नाडी, गुलाब सागर सहित अन्य स्थानों पर भी तर्पण शुरू हुआ। सुबह 5 बजे से दोपहर 12 बजे तक तिथि अनुसार कुशा व तिल का प्रयोग कर तर्पण किया जाता है

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।